जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024

KEDIA सेजस्थान

# महा दिवाली

FIXED PRICE GUARANTEED

इस दिवाली 15 लाख और बढ़ेगी रेट !

NO MIDDLE-MEN

## ट्रैफिक सिग्नल फ्री होगा अजमेर रोड़

- नए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से 60% ट्रैफिक कम होगा
- 200 फीट चौराहे से 8 मिनट मे पहुँचेंगे केडिया सेजस्थान

जयपुर 15-10- 2024

#jamfree 200 फीट बाइपास चौराहा होगा सिग्नल फ्री, मिलेगी राहत

### अजमेर रोड: नए साल से सरपट दौड़ेंगे वाहन... 5 ट्रैफिक लाइट हटेंगी

नवंबर में कमला नेहरू नगर और जनवरी में भांकरोटा फ्लाईओवर होगा शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** करीब दो वर्ष से अजमेर रोड पर जाम का सामना कर रहे प्रदेश के लोगों को नए साल की शुरुआत में राहत मिलेगी। राजधानी जयपुर से अजमेर की राह सुगम होने जा रही है। नवम्बर में कमला नेहरू नगर और जनवरी में भांकरोटा फ्लाईओवर शुरू हो जाएगा। 200 फीट बाइपास से ठिकरिया टोल प्लाजा तक वाहन चालकों की राह आसान हो जाएगी।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) के अनुसार 200 फीट बाइपास से ठिकरिया टोल प्लाजा तक पांच ट्रैफिक लाइट खत्म हो जाएंगी। इससे 15 मिनट की दूरी आठ मिनट में ही पूरी हो सकेगी। कमला नेहरू पुलिया और भांकरोटा फ्लाईओवर का काम अंतिम चरण में है। सेज सम्पर्क सड़क पर फ्लाईओवर पर यातायात शुरू हो चुका है। रिंग रोड पर क्लोवर लीफ बनाने का काम भी शुरू हो गया है।

#### दो फ्लाईओवर, दो अंडरपास बनेंगे

शहर के व्यस्त चौराहों में से एक 200 फीट बाइपास सिग्नल फ्री होगा। इससे लाखों वाहन चालकों की राह सुगम होगी। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का काम चल रहा है। इस प्रोजेक्ट पर एनएचएआइ करीब 300 करोड़ रुपए खर्च करेगा। 200 फीट बाइपास चौराहे पर दो फ्लाईओवर और दो अंडरपास बनाए जाएंगे।

दो वर्ष से अजमेर रोड पर जाम से जूझ रहे वाहन चालक



जनवरी से अजमेर रोड पर लगने वाले लंबे जाम से मिलेगी निजात। फिर इस तरह के हाल नहीं दिखेंगे।

#### ऐसे होगा बदलाव

- मानसरोवर से आने वाला ट्रैफिक चौराहे पर बिना रुके सी-जोन बाइपास की सर्विस रोड से होते हुए पृथ्वीराज नगर, सिरसी रोड, कालवाड़ रोड की ओर निकल जाएगा।
- पुरानी चुंगी और डीसीएम चौराहे से आने वाला ट्रैफिक भांकरोटा और अजमेर की ओर बिना रुके निकलेगा।
- अजमेर की ओर से आने वाला ट्रैफिक जयपुर में यथावत आता रहेगा।
- अजमेर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालक फ्लाईओवर के जरिए सी जोन बाइपास पर जाएगा।

#### 10 में से 7 ओवरब्रिज का काम पूरा

200 फीट बाइपास चौराहे से अजमेर तक 10 ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था। इनमें से सात का काम पूरा हो गया है। पड़ासोली ओवरब्रिज का काम दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। कमला नेहरू पुलिया का काम 15 नवम्बर तक और भांकरोटा ओवरब्रिज का काम जनवरी में पूरा कर लिया जाएगा। 200 फीट बाइपास को सिग्नल फ्री करने के लिए डीपीआर बनाने का काम जारी है। **-अजय आर्य,** परियोजना निदेशक, एनएचएआइ

जयपुर 15-10- 2024

अजमेर रोड • सुबह-शाम पीक आवर में 3 बार सिग्नल ग्रीन होने पर पार होता है चौराहा

### 200 फीट चौराहे पर 2 फ्लाईओवर व अंडरपास बनेंगे, 1.25 लाख वाहन चालकों के 8 मिनट बचेंगे


भास्कर न्यूज | जयपुर

भांकरोटा और कमला नेहरू नगर चौराहों पर बन रहे फ्लाईओवरों का काम अंतिम चरण में पहुंचते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अजमेर रोड 200 फीट चौराहे को भी जाम मुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। एनएचएआई इस चौराहे पर दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास की डीपीआर बनवा रहा है। जिसका काम अगले माह तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंजूरी के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सबकुछ सही रहा तो जनवरी-2025 में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसका फायदा यहां से गुजरने वाले रोजाना सवा लाख वाहन चालकों को मिलेगा। यहां सुबह और शाम पीक आवर में ट्रैफिक का इतना दबाव रहता है कि वाहन चालक तीन-तीन बार में सिग्नल क्रॉस कर पाते हैं। सिग्नल एक बार रेड होने पर 198 मिनट रुकना पड़ता है। ऐसे में 5 से 8 मिनट लग जाते हैं। सिग्नल एक बार में इसके चलते कई बार जाम के हालात बन जाते हैं।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने बताया कि अगले महीने तक डीपीआर तैयार हो जाएगी। चौराहे पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। फ्लाईओवर और अंडरपास बनने के बाद समस्या खत्म हो जाएगी। इस संबंध में सभी एजेंसियों से चर्चा हो चुकी है। अभी दिल्ली से भांकरोटा, अजमेर की तरफ जाने वाले वाहन पहले से बने फ्लाईओवर से जा रहे हैं। अजमेर, बगरू, भांकरोटा से सोडाला, पुरानी चुंगी जाने वाला ट्रैफिक वर्तमान में जिस तरह जाता है वैसे ही गुजरेगा।

#### एनएचएआई बनवा रहा डीपीआर; अगले माह तक पूरा होगा



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड, जयपुर

## बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**आत्मविश्वास, आत्मज्ञान और आत्म संयम, केवल यही तीन जीवन को परम शांति सम्पन्न बना देते हैं। –टेनीसन**

# आदर्श की सिर्फ बातें होती हैं, वह व्यवहार में नहीं लाया जाता

भारतीय जनमानस इस मायने में विश्व के अन्य समुदायों से अलग है कि वह एक तरफ तो ऊंचे आदर्श रखता है और उनकी बढ़-चढ़ कर बातें करता है, उन्हें पूजता है और हमेशा उनको अपने जीवन में उतारने के लिए व्यठा नज़र आता है, मगर दूसरी तरफ व्यवहार में वह सबसे अधिक अपने उन्हीं आदर्शों को ध्वस्त करता है। यह भारतीय समाज का अनोखा विरोधाभास है। अपने आदर्शों के प्रतीक के रूप में वह राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में तो पूजता है परंतु जब राम जैसी मर्यादाएं निभाने का वक़्त आता है तब वही भारतीय जन मानस राम का गुणगान करने वाली तुलसी रामायण के प्रसंगों का सहारा लेकर कन्नी काट जाता है या गीता के कृष्ण का सहारा लेने लगता है। अपने आप को बड़ा धार्मिक बताने और समझने वाला भारतीय जनमानस अपनी सुविधा के लिए एक नया आपात् धर्म ईजाद कर लेने में देर नहीं लगाता। आदर्शों की पालना न कर पाने और उसके विपरीत कर्म करने को भी आपात् धर्म मान लेना यहां के लोगों की फितरत रही है। दिलचस्प बात यह है कि आपात् धर्म की परिस्थिति कब बनती है, इसका फैसला करने वाले वे खुद ही बन जाते हैं। इसके उदाहरण इन दिनों हमें लोकतान्त्रिक विधि से चुनी हुई सरकारों के कामकाज में खुल कर मिलते हैं। सरकारों का धर्म हैं संविधान के अनुसार चलना। लेकिन सभी निर्वाचित सरकारें उनमें गलियां निकालने में अद्भुत महारथ हासिल कर चुकी हैं। जब भी उन्हें संवैधानिक प्रावधानों से मुश्किल आने लगती है, वे संविधान के संशोधन के प्रावधान का उपयोग करने में एक क्षण भी नहीं लगाती। भारतवासियों के इस दोहरे व्यवहार को समाजवादी वैचारिक नेता राममनोहर लोहिया ने कुछ यूं समझाया था:– हर एक आदमी के दिमाग में, खास तौर से हिंदुस्तानियों के, दो खांचे होते हैं। एक सगुण खांचा और दूसरा निर्गुण खांचा। वे कहते थे कि हमारे यहां सिर्फ आरती उतारी जाती है। ठोस बहस, उसूलों के असली मतलब को निकालने वाली बहस नहीं होती। दार्शनिक बहस नहीं होती। दिमाग के दो खांचों का कोई हजार–दो हजार बरस का किस्सा है। दो खांचों के बीच ऐसा विभाजन दुनिया में उतना और कहीं नहीं मिलता जितना हमारे यहां है। लोहिया का कहना था कि इसके बहुत से सबब रहे होंगे। एक सबब जो ऊपरी तौर पर देखने में अच्छा लगने वाला सबब है कि हिंदुस्तान के बड़े–बड़े विचारकों ने – सोचने वालों ने – अपने दिमाग को पूरी इजाजत और खुली छूट देना चाहा जिसमें कोई रुकावट न रहे, वह निर्बाध हो। उन्होंने इतनी सम्पूर्ण और मुकम्मल आज़ादी बहुत बड़ी कीमत दे कर हासिल की। वह आज़ादी थी दिमाग के दो खांचे बना लेना। पूरी दिमागी आज़ादी को हासिल करने के लिए दिमाग का एक दूसरा खांचा बनाना पड़ा ताकि आज़ाद विचरण करने वाले दिमाग पर दूसरे साधारण वाले खांचे का असर न पड़े। यह दूसरा खांचा ऐसा बना लिया कि जो हालात चालू हैं उसे चालू रखो, उससे छेड़खानी मत करो। नहीं तो गड़बड़ पैदा हो जाएगी। और पहले खाने को ऐसा बनाये रखो कि दिमाग जो सूत कातता है वह सूत टूटे नहीं। उनका यह भी कहना था कि आदर्श और व्यवहार के दो खांचों की यह व्यवस्था अच्छे वक़्त में तो ठीक थी, परंतु आज के युग में जो दुनिया का सबसे बेरहम और निर्दयी युग है यह व्यवस्था हमारे लिए परेशानी का सबब बन रहीहै। इस तरह लोहिया ने समझाया कि भारत में किस प्रकार आदर्श और व्यवहार में फर्क आ गया।

लोकतान्त्रिक व्यवस्था और सामंतशाही में जो बड़ा फर्क है वह है कि एक में शासन को नियंत्रित करने वाले अधिनायक के निर्देशन में आम जनता चलती है और जिसमें वह अनुयायी की भूमिका में होती है। दूसरे में आमजन अपने भाग्य का खुद नियंता होता है। परंतु पिछले हजार वर्षों में इस भूभाग के लोग बाहुबल के आधार पर शासन करने वालों के नियंत्रण मेंजीते हुए अपने कोइस प्रकार ढाल चुके हैं कि उन्हें गुलामी का चलन सुविधाजनक लगने लगा है। लोहिया द्वारा बताया गया दिमाग का यह दूसरा खांचा यहां के लोगों को जैसा चलता है चलने दो की तरफ धकेलता रहता है ताकि बदलाव का फैसला करने की उलझन से बचा जा सके। कहते हैं जब बेंजामिन फ्रैंकलिन अमरीकी संविधान के दूसरे प्रारूप के पास होने के बाद इंडेपेन्डेन्स हॉल से निकले तो सड़क पर एक महिला ने उन्हें रोक लिया। महिला ने उनसे पूछा मिस्टर फ्रेंकलिन आपने हमें किस तरह की सरकार दी है? फ्रेंकलिन का जवाब था: एक गणतंत्र, यदि आप इसे बचाये रख सकें! किसी भी गणतांत्रिक देश की जिम्मेदारी कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के हाथ में नहीं होती है, सबकी होती है। जनता तभी तक मजबूत होती है और अत्याचार से मुक्त रहती है जब तक उसके हर सदस्य को अपने कर्तव्य याद रहते हैं। खुल कर बोलना, सवाल करना, सत्य की मांग करना भी गणतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक का एक महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है। प्रत्येक के लिये यह जानना जरूरी है कि लोकतंत्र कोई मुफ़्त की सवारी नहीं है। यह बात बार–बार याद दिलाने की जरूरत है। ऐसा शायद वे लोग भी चाहते थे जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना करके ब्रितानवी साम्राज्यवाद से आज़ाद होने के बाद हमारे देश को एक गणतांत्रिक राष्ट्र बनाया जिसमें प्रत्येक नागरिक की समान हैसियत और भागीदारी की व्यवस्था रखी। इस भागीदारी की शुरुआत होती है समान मताधिकार से। विडंबना है कि आज सत्तर साल से अधिक बीत जाने के बाद भी यह विचार चिंता पैदा करता है कि क्या हम भारत के लोग इस गणतंत्र को बचाये रख पाएंगे? बावजूद अनेकों झंझावातों के भारतीय लोकतंत्र इस मायने में पूरी तरह सफल साबित हुआ है कि देश में लोकतान्त्रिक चुनाव नियमित और निर्विघ्न सम्पन्न होते रहे हैं जिनके नतीजे अनेक बार नेताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं भी रहे हैं। भारत के लोगों ने मुश्किल घड़ियों में भी पूरी परिपक्वता का परिचय दिया है। लेकिन यह मानने में भी हमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि आजादी के बाद के हमारी राजनीति और समाज के नेता इसमें फिसड्डी साबित हुएनजर आते हैं। जिन राजनेताओं से लोकतान्त्रिक नेतृत्व की अपेक्षा की गई वे खुद अपने और अपनों के लिए होते चले गये। पुरानी सामंती परम्पराएं उन्हें लुभाई और वे उन परंपराओं को नए आडंबरों के साथ लोकतान्त्रिक मुखौटा पहनाने में सफल रहे। गरीब की तकदीर बदलना नहीं, बल्कि खुद को राज में स्थापित किये रखना उनका लक्ष्य हो गया। प्रतिस्पर्धी चुनावी राजनीति में जाति, धर्म, भाषा, समुदाय, प्रांत और न जाने क्या–क्या के नाम पर वोट बटोरना उन्हें आसान लगा। ऐसे में सभी के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्वास्थ्य की जगह नेताओं की सोच पर खुद का मुनाफा हावी होता चला गया। राजनेताओं का सत्ता का व्यक्तिगत लालच इतना बढ़ा कि उसने न केवल पार्टी आदर्शों को ध्वस्त किया बल्कि पार्टी को ही अपने कब्जे में कर लेने केजतन कर लिए। ऐसे में संविधान के पवित्र अवदान – निर्वाचन प्रक्रिया – को दूषित करने का उद्यम होना ही था। इसे रोकने के लिए जब लोक का दबाव बढ़ा तब चुनाव सुधारों के कदम भी उठे। उन्हीं कदमों के चलते देश में आदर्श आचार संहिता पहली बार 1960 के चुनावों के दौरान अपनाई गई। राजनीतिक दलों के लिए एक आदर्श आचार संहिता बनाने का विचार देने का ऐतिहासिक श्रेय केरल राज्य को जाता है, जहां फरवरी 1960 में राज्य विधान सभा के आम चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के पालन के लिए पहली बार एक आचार संहिता बनाई गई। तब से लेकर अब तक आदर्श आचार संहिता ने कई सोपान पूरे किए हैं। मगर अब आमतौर पर उनकी धज्जियां उड़ती ही देखते हैं क्योंकि हमारे यहां आदर्शों और व्यवहार में अंतर होता है। चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों, उनके प्रचारकों और उम्मीदवारों द्वारा पालन किए जाने वाले दिशानिर्देशों का एक ब्यौरा होता है जिसे चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए लागू करता है। मगर क्या उनकी पालना सुनिश्चित होती है? इस सवाल का जवाब प्रत्येक भारतीय नागरिक बखूबी जानता है। भारतीय संविधान कहता है कि ऐसी कोई कृत्य न हो जिससे नागरिकों के बीच मतभेदबढ़े या लोगों के बीच आपसी नफरत पैदा हो या विभिन्न जातियों और समुदायों, धार्मिक या भाषाई वर्गों के बीच तनाव पैदा हो। किन्तु हम बहुतेरे राजनेताओं को इन भेदों को बढ़ावा देते ही पाते हैं। अब तो समाज में भाईचारे का ताना–बाना छिन्न–भिन्न करने की राजनेताओं में होड मची दिखती है। किसी भी तरह सत्ता पाने और वहाँ बने रहने के लिये जाति या सांप्रदायिक भावनाओं को उभारना आम चलन हो गया है। सरकारी साधनों का व्यक्तिगत या दलीय हितों के लिए प्रयोग सामान्य बात हो चली है। भ्रष्टाचारी अब समाज में नीची निगाहें करके नहीं नायक के दंभ के साथ घूमता है। नैतिक और आर्थिक भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति को पकड़े जाने पर भी अब कोई अपराधबोध नहीं होता। लगता है समूचे तंत्र को घुन लग गया है क्योंकि हमारे आदर्श और व्यवहार में कोई साम्यता नहीं हैं। इससे राज्य प्रशासन की व्यवस्था कर्मकांड बन कर रह गई है जिसमें लोकसेवा का तत्व लुप्त हो चला है। लोकसेवकों को तो अब आदर्श की बात परेशान करती है इसीलिए संविधान के प्रावधानों और निर्देशों से बचने की गालियां निकालने का हुनर राजनेताओं ने कुशलता से साध लिया है।

**नैतिक और आर्थिक भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति को पकड़े जाने पर भी अब कोई अपराधबोध नहीं होता। लगता है समूचे तंत्र को घुन लग गया है क्योंकि हमारे आदर्श और व्यवहार में कोई साम्यता नहीं हैं। इससे राज्य प्रशासन की व्यवस्था कर्मकांड बन कर रह गई है जिसमें लोकसेवा का तत्व लुप्त हो चला है।**

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# छात्राओं के लिए रोजगार अभियान : एक जरूरी पहल



**प्रो. अशोक कुमार**

छात्राओं के लिए रोजगार / नौकरी के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक अभियान की आवश्यकता है। भारत में छात्राओं/महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और समाज में लैंगिक समानता लाने के लिए यह बेहद जरूरी है।

रोजगार अभियान की आवश्यकता क्यों है? छात्राओं / महिलाओं को अपने जीवन मे विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि:–

रोजगार के अवसरों की कमी: कई क्षेत्रों में अभी भी महिलाओं के लिए पुरुषों के बराबर रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह: कई कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है, उन्हें कम वेतन दिया जाता है और उन्हें नेतृत्वकारी भूमिकाएं देने में संकोच किया जाता है। घरेलू जिम्मेदारियां:– महिलाओं को घर और परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के साथ–साथ करियर बनाने में भी संतुलन बनाना होता है।

लैंगिक असमानता:– आज भी कई क्षेत्रों में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अवसर नहीं मिल पाते हैं। रूढ़िवादी सोच: समाज में कई जगह महिलाओं को सिर्फ घर के काम तक सीमित करने की सोच पाई जाती है। शिक्षा के बावजूद रोजगार:– कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी रोजगार नहीं पा पाती हैं। कौशल विकास:– कई बार महिलाओं में आवश्यक कौशल का अभाव होता है, जिसके कारण उन्हें नौकरी मिलने में दिक्कत होती है।

**रोजगार अभियान के माध्यम से क्या किया जा सकता है?**

जागरूकता फैलाना:– महिलाओं को उनके अधिकारों और करियर के विकल्पों के बारे में जागरूक किया जा सकता है। कौशल विकास:– महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है। रोजगार मेले:– महिलाओं के लिए विशेष रोजगार मेले आयोजित किए जा सकते हैं। मेंटोरशिप:– अनुभवी महिलाओं को युवा महिलाओं को मेंटर के रूप में दिया जा सकता है। सरकारी नीतियां:– महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार को नीतियां बनानी चाहिए। निजी क्षेत्र का सहयोग:– निजी क्षेत्र को भी महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**छात्राओं / महिलाओं के लिए नौकरी अभियान के लाभ**

आर्थिक स्वतंत्रता:– महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकेंगी। समाज में सम्मान:– महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान मिलेगा। देश का विकास:– देश का विकास होगा क्योंकि महिलाएं भी राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगी।

**आप इस अभियान को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं?**

सामाजिक मीडिया:– सोशल मीडिया पर जागरूकता फैलाएं। स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम:– स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करें। स्थानीय सरकारों से संपर्क करें:– स्थानीय सरकारों से इस मुद्दे पर बात करें और उनसे सहयोग मांगें। ञ्ळव्े के साथ मिलकर काम करें:– ञ्ळव्े के साथ मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करें। कौशल विकास कार्यक्रम:– छात्राओं को विभिन्न कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए, जैसे कि कंप्यूटर कौशल, भाषा कौशल, आदि। इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम:– छात्राओं को विभिन्न कंपनियों और संगठनों में इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जाएं।नियोक्ताओं के साथ सहयोग:– नियोक्ताओं को महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।सरकारी नीतियां:– सरकार को महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनानी चाहिए।

**कुछ संभावित नौकरी के क्षेत्र:–**

उद्योग: सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग! शिक्षा: शिक्षिका, काउंसलर, प्रशिक्षक स्वास्थ्य: नर्स, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, वित्त: बैंकिंग, बीमा, वित्तीय सलाहकार, मीडिया और मनोरंजन: पत्रकार, लेखक, कलाकार सामाजिक कार्य: सामाजिक कार्यकर्ता, ञ्ळव् में कार्य, उद्यमिता: अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना। सरकार का लक्ष्य है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी भूमिका निभा सके।

भारत सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कई पहल कर रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

**कुछ प्रमुख पहल इस प्रकार हैं:–**

स्वयं सहायता समूह (एप्ड): इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को छोटे उद्योगों को शुरू करने और चलाने के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (श्एई) को बढ़ावा: सरकार महिलाओं को श्एई शुरू करने और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा ऋण सुविधाएं, सब्सिडी और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है।

मुद्रा योजना: यह योजना महिला उद्यमियों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराती है, जिससे वे अपने व्यवसायों का विस्तार कर सकती हैं।

कौशल विकास कार्यक्रम: सरकार विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार योग्य बना रही है। इन कार्यक्रमों में डिजिटल साक्षरता, व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि शामिल हैं।

सब्सिडी और प्रोत्साहन: सरकार महिला उद्यमियों को कई प्रकार की सब्सिडी और प्रोत्साहन प्रदान करती है, जैसे कि कर छूट, ब्याज सब्सिडी आदि।

लघु उद्योगों को बढ़ावा: सरकार लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रही है।

पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी: सरकार पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दे रही है, जिससे उन्हें सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने का मौका मिल रहा है।

कानूनी सुधार: सरकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सुधार कर रही है, जिससे उन्हें कार्यस्थल पर समान अवसर मिल सकें।

इनके अलावा, सरकार कई अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, जैसे कि:–

कृषि: कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं।

उद्योग: महिलाओं को उद्योगों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां बनाई जा रही हैं।

सेवा क्षेत्र: सेवा क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। छात्राओं/महिलाओं के लिए रोजगार/नौकरी अभियान एक व्यापक प्रयास है, जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र, गैर–सरकारी संगठन और समुदाय सभी को मिलकर काम करना होगा। एकजुट होकर हम छात्राओं/महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें एक बेहतर भविष्य दे सकते हैं।

छात्राओं/महिलाओं के लिए रोजगार अभियान एक व्यापक प्रयास है, जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र, गैर–सरकारी संगठन और समुदाय सभी को मिलकर काम करना होगा। एकजुट होकर हम महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें एक बेहतर भविष्य दे सकते हैं।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष**
**राजस्थान विश्वविद्यालय**

# खाद की कालाबाजारी करने पर तीन दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त

## किसानों से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने व कई अनियमितताओं को लेकर कार्यवाही

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। खाद की कालाबाजारी को लेकर मिल रही शिकायतों पर कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की। इस दौरान किसानों से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने सहित अन्य अनियमितताओं को लेकर तीन दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

कृषि विभाग को यूरिया, डीएपी खाद पर निर्धारित दर से किसानों से अधिक राशि वसूलने की शिकायत मिल रही थी। इस पर मंगलवार को अतिरिक्त निदेशक भरतपुर देशराजसिंह के नेतृत्व में गंगापुर सिटी की स्थानीय कृषि विभाग की टीम के द्वारा गंगापुर सिटी सहित आसपास के क्षेत्र में खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम के द्वारा करीब 20 से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान पुरानी अनाज मंडी

- **कृषि विभाग की टीम ने खाद-बीज की दुकानों पर निरीक्षण के दौरान खाद बीज के नमूने लिए**

में निर्धारित दर से अधिक दर पर यूरिया खाद बेचते हुए पाए जाने पर एक दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया। साथ ही टीम ने खाद–बीज की दुकानों पर निरीक्षण के दौरान खाद बीज के नमूने लिए।

कृषि विभाग के निदेशक राधेश्याम मीणा ने बताया कि इससे पहले भी 10 अक्टूबर को निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया गया था और निरीक्षण के दौरान निर्धारित दर से अधिक राशि उर्वरक पर वसूलने और अन्य अनियमितताओं को लेकर तीन दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए थे।



**गंगापुर सिटी में खाद बीज की दुकानों का कृषि अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।**

# कॉलोनी में घुसकर सियार वन्यजीव ने लोगों को घायल किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की संजय कॉलोनी में सियार आने से दहशत फैल गई। भीलवाड़ा नगर निगम मेयर राकेश पाठक से फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि गायत्री शक्तिपीठ मंदिर रोडवेज बस स्टेशन में एक सियार वन्यजीव ने कुछ लोगों को घायल किया है।

सूचना पर टीम मौके पर पहुंची टीम ने मंदिर परिसर की सीमा को सर्च किया। इतने में ही संजय कॉलोनी वार्ड नंबर 36 से दोबारा पार्षद प्रत्याशी राजेंद्र जैन द्वारा फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि हमारे गली में सियार देखा गया। इस पर वन विभाग के पूर्व वनपाल छोटूलाल कोली, वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर वन्य जीव रक्षक कुलदीप सिंह राणावत, वन विभाग व नगर निगम की संयुक्त टीम संजय कॉलोनी मौके पर पहुंची। टीमों के पहुंचने के बाद गहन ऑपरेशन शुरू किया गया।



**भीलवाड़ा की संजय कॉलोनी में सियार आने से दहशत फैल गई।**

क्षेत्र में सर्चिंग में सियार कहीं नहीं दिखा। वन्यजीव की समस्या को देखते हुए टीमों को लगातार गश्ती पर लगाया गया है। क्षेत्रवासियों को हिदायत दी गई कि जहां कहीं भी वन्यजीव दिखे इसकी सूचना तुरंत वन विभाग, संबंधित थाना और वन्य जीव रक्षक दल टीम भीलवाड़ा को दी जाए।

# कुल की रस्म के साथ बड़े पीर साहब का उर्स संपन्न

**अजमेर,** (कासं)। तारागढ़ की पहाड़ी पर स्थित बड़े पीर की दरगाह पर शेख अब्दुल कादिर जिलानी का तीन दिवसीय उर्स मंगलवार को कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ। बड़े पीर की दरगाह पर ही एक दिन अनोखी अदालत भी लगी। अदालत में समाज के लोगों के आपसी विवादों का पंचायत के सदस्यों ने निपटारा कराया।

मुतवल्ली सैय्यद अफसर अली ने बताया कि तारागढ़ की दो हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर हजरत पिराने पीर शेखर अब्दुल कादिर जिलानी का तीन दिवसीय उर्स मनाया जा रहा है। बड़े पीर का चिल्ला शरीफ के नाम से मशहूर दरगाह पर चादर और झंडे की रस्म अदा की गई। मंगलवार को उर्स के तीसरे दिन दोपहर 11 बजे मुतवल्ली सैयद अफसर अली की सदारत में महफिल शुरू हुई। दरगाह की शाही चौकी के कव्वालों ने कलाम पेश किए और रंग पढ़ा गया। उर्स की कुल की रस्म के बाद दुआ और लंगर का भी आयोजन के साथ उर्स संपन्न हुआ।

मुतवल्ली सैय्यद अफसर अली ने बताया कि इस उर्स में देश भर से जायरीन शिरकत करने अजमेर आते हैं। खास तौर पर घुमंतू जाति समुदाय के मुस्लिम अपने एक दिन की अनोखी अदालत में विवादों का निपटारा करने के लिए आते हैं। चिल्ला शरीफ पर लगी अदालत में समाज के पंच–पटेल और सरपंच मिलकर समाज के लोगों में मन–मुटाव और लड़ाई झगड़े सहित कई गंभीर मालातों में फैसले भी सुनाते हैं। पूरा एक साल इंतजार कर अजमेर में बड़े पीर साहब के चिल्ला शरीफ पर ही पंच पटेलों के बीच रखते हैं और अदालत जो फैसला सुनाती है उसे वे कबूल करते हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 16 अक्टूबर, 2024**

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र सायं 7:18 तक, धुव्र योग दिन 10:09 तक, गर करण दिन 10:30 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मिथुन, बुध–तुला, गुरू–वृष, शुक्र–वृश्चिक, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग सायं 7:18 तक है। भद्रा रात्रि 8:41 से आरम्भ होगी। आज चान्द पूर्णिमा व्रत, शरद पूर्णिमा, कोजागरी व्रत, पंचक है और कुबेर और लक्ष्मी पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:22 तक, शुभ 10:47 से 12:12 तक, चर 3:03 से 4:29 तक, लाभ 4:29 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:54

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक/वित्तिय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**धनु**
घर–परिवार में आपसी मतभेद आपसी मतभेद हो सकते हैं। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 16 संख्याः 343 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## हम अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की सप्लाई चेन का विश्वसनीय साथी बनना चाहते हैं-भजनलाल

### म्यूनिख में दूसरे दिन एल्बैट्रॉस, पार्टेक्स, एनवी, वेउली, टेक्निक्स और इगो शिमिट्ज के साथ एम.ओ.यू.



*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने जर्मनी यात्रा के दौरान जर्मनी के कारोबारियों से मुलाकात की। इस दौरान राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी उनके साथ थीं।*

- जर्मन कम्पनियों ने ऑटोमोबाइल, ई.एस.डी.एम., सप्लाई चेन व लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, खान-खनिज, अक्षय ऊर्जा, रक्षा व पैकेजिंग आदि क्षेत्रों में रुचि दिखाई।
- म्यूनिख समय के अनुसार शाम को राइज़िंग राजस्थान टूरिज़्म मीट में राज्य में पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को जर्मन निवेशकों को दर्शाया गया।

म्यूनिख, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जर्मनी यात्रा के दूसरे दिन आज म्यूनिख में "राइज़िंग राजस्थान" इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया और जर्मनी के निवेशकों और इनोवेटर्स को राजस्थान में इकाइयाँ लगाने के लिए आमंत्रित किया। इन्वेस्टर रोड शो को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जर्मनी के व्यावसायिक जगत और कारोबारी समूह से राजस्थान के ऑटोमोबाइल, ई.एस.डी.एम., सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, खान एवं खनिज, अक्षय ऊर्जा, रक्षा, पैकेजिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आ ान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि "राइज़िंग राजस्थान"' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की घोषणा के दो महीने के भीतर ही, अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं।

"राइज़िंग राजस्थान" इन्वेस्टर रोड शो के दौरान, जर्मनी के निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, "मैं आप सभी से

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## भाजपा के संगठनात्मक चुनावों की तैयारी शुरु

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के

- पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने चुनाव आयोजन के लिए एक पीठासीन अधिकारी व तीन सह पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की।

अनुसार, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के संगठनात्मक चुनावों

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## 'नौकरी दो, नशा नहीं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारतीय युवा कांग्रेस के नव-निर्वाचित अध्यक्ष

- युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदय भानु छिब ने दिल्ली से, बेरोज़गारी व नशे के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की।

उदय भानु चिब ने मंगलवार को "नौकरी दो, नशा नहीं" के नारे के साथ दिल्ली

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव कार्यक्रम घोषित

### चुनाव अयोग ने कहा, महाराष्ट्र में 20 नवम्बर को एक ही चरण में तथा झारखंड में 13 व 20 नवम्बर को, दो चरणों में मतदान होगा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- चुनाव आयोग ने बताया कि 47 विधानसभा सीटों तथा वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। चुनाव नतीजे 23 नवम्बर को घोषित किए जाएंगे।
- केरल वायनाड लोकसभा सीट, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इस्तीफा देने से रिक्त हुई है। यहाँ से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी।
- राजनैतिक पंडितों की नज़र महाराष्ट्र चुनाव पर है, जहाँ सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन कई चुनौतियों से जूझ रहा है। इस गठबंधन की प्रमुख पार्टी भाजपा तो, हरियाणा चुनावों की जीत के बाद भारी जोश में है, पर, सहयोगी दलों की हालत पतली है।
- विपक्षी गठबंधन, महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की प्रमुख पार्टी कांग्रेस की हरियाणा में हुई अप्रत्याशित हार से हताश है और सहयोगी दल शिव सेना व एन.सी.पी. सीटों के बंटवारे में कांग्रेस पर दबाव बनाने की कोशिश करने में लगे हैं।

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव 20 नवम्बर को एक ही चरण में होंगे। वहीं, झारखंड के चुनाव 13 एवं 20 नवम्बर को दो चरणों में होंगे। नतीजों की घोषणा 23 नवम्बर को होगी।

इसके अलावा 47 विधानसभा सीटों और वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। वायनाड सीट लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रिक्त की है, क्योंकि वे दो सीटों से चुनाव जीते थे। वायनाड सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी।

चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया, महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं, वहीं, झारखंड में योग्य मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है।

हरियाणा चुनाव में लगातार तीसरी जीत से उत्साहित भाजपा महाराष्ट्र चुनाव में नई ताकत से मैदान में उतरेगी, जबकि उसके सहयोगी दल शिव सेना (शिंदे गुट), एन.सी.पी. (अजीत पवार गुट) मुश्किल हालात से जूझ रहे हैं।

आरक्षण के मुद्दे पर मराठाओं और ओ.बी.सी. के आंदोलन, सोयाबीन एवं गन्ना किसानों के असंतोष से लेकर हालिया लोकसभा चुनाव की हार और गठबंधन सहयोगियों के आपसी टकराव सहित सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन कई चुनौतियों से जूझ रहा है। यही नहीं, महायुति सरकार कानून व्यवस्था व इन्फ्रास्ट्रक्चर ठप्प होने से भी त्रस्त है। हाल ही में एन.सी.पी. नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर देना बिगड़ती कानून व्यवस्था का उदाहरण है।

विपक्षी मोर्चे की बात करें तो महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की प्रमुख पार्टी कांग्रेस हरियाणा की हार से हताश है और शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे), एन.सी.पी. (शरद पवार) के साथ सीटों बंटवारे में कांग्रेस का पक्ष कमजोर पड़ा

( शेष पृष्ठ 5 पर )




के.एस. मोटर्स प्रा. लि.: एम. आई. रोड: 7574808728, वैशाली नगर: 07942530977, वी.के.आई. रोड़ नं0 5: 9783384408, (ब्रांच):- कोटपुतली: 8852884871, 9166409090, शाहपुरा: 9001238949, 9461671901, लालसोट: 9414570752, महुआ: 9829552732, बस्सी: 7574808728, दूदू: 9929236333, विराटनगर: 9929373114, बांदीकूई: 9414517132, जोबनेर: 8094582000, जैतपुरा: 9460466992, 9828150910, दौसा: 8233279427, 9414045855, जयपुर: ऑटो वर्ल्ड टोंक रोड, प्रतापनगर: 8929653907, राजापार्क: 8929653907, (ब्रांच):- सवाईमाधोपुर: 8929653907, गंगापुरसिटी: 8929653907, टोंक: 8929653907, अलवर: जे.एस. फोरव्हील मोटर्स प्रा. लि. अलवर, बहरोड़, करौली: 8302658892, भिवाड़ी: 9289464947, धौलपुर/भरतपुर: 9625374409, सीकर: गहलोत मोटर्स प्रा. लि. सीकर: 9414039978, 9983086958, श्रीमाधोपुर: 7412074594, झुंझुनूं: 9414059948, उदयपुरवाटी: 9414039952, चिडावा: 7412049988, खेतड़ी: 9983560927, नीम का थाना: 9414033482, बीकानेर: बीकानेर मोटर्स प्रा. लि. बीकानेर/चूरू/सुजानगढ़: 8527241179, उदयपुर: के.एस. ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. उदयपुर: 7574808555, आईओसी पेट्रोल पम्प, गोवर्धन विलास, उदयपुर: 9001317899, प्रतापगढ: 7727087373, 9001897397, बांसवाड़ा: 7727011069, 9773316278, 9773318630, 9773326964, 9950207844, डूंगरपुर: 9001297956, 8233009909, सागवाड़ा: 7726006927, 9929958164, चित्तौड़गढ़: 8003093548, 8233009810, 9001799790, 9773396753, 9116629684, प्रतापगढ़: 7727087373, 9001897397, रावतभाटा: 8233009810, आबूरोड़: 9116504111, 9928040209, सिरोही: 9929958177, 7727083939, 8529080964, भीलवाड़ा: भीलवाड़ा एग्रो ऑटो सर्विस (प्रा.) लि. भीलवाड़ा/बिजोलिया/राजसमन्द/भीम: 8875016206, कोटा: एवरग्रीन मोटर्स कोटा: 9654126004, 9928911655, क्यूब: 9654126004, 9829029755, बूंदी: 9654126004, 9829226555, बारां: 9654126004, 9829226655, झालावाड़: 9654126004, 9928922755, अजमेर: परम ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. अजमेर: 9205995747, किशनगढ़: परम महिंद्रा किशनगढ़: 9205995747, 9521815789, नागौर: नागौर ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. नागौर: 7291983310, 8003899701, (ब्रांच) मेड़ता : 7291983310, 9414119003, डेगाना : 7291983310, 9414603205, कुचामन सिटी : 7291983310, 9413385702, डीडवाना : 7291983310, 9829146228, छोटी खाटू : 8239343536, लाडनूं: 7291983310, 9314014841, गंगानगर: वी. डी. मोटर्स प्रा. लि. श्रीगंगानगर: 9672078696, 9672078697, 9414093025, 9414093041, सूरतगढ: 9672064445, 9414093016, अनूपगढ़: 9414093027, हनुमानगढ़: 9214093020, 9672064447, 9672058887, नोहर: 9672028885, जोधपुर: ओ. एस. मोटर्स जोधपुर: 9413078666, 7791960164, बाड़मेर: 7023067805, बालोतरा: 9664251725, जैसलमेर: 7340105190, फलोदी: 9413660844, पाली: 9610078677, सुमेरपुर: 9784839760, जालौर: 9772708668, भीनमाल: 9829809490, सांचौर: 9602664390, जैतारन : 9024835145, बासनी : 9784882022


# अलवर के युवक को दिल्ली लेकर गई पुलिस, तिहाड़ जेल में मौत

## अलवर सदर थाने का परिजनों और ग्रामीणों ने घेराव किया

**अलवर,** (निसं)। साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से अलवर के तूलेड़ा से गिरफ्तार कर लेकर गए एक युवक की मौत हो गई। युवक के परिजन और ग्रामीणों ने सोमवार रात 11 बजे तक सदर थाने के सामने घेराव किया। इसके बाद पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से समझाइश कर बताया कि युवक को दिल्ली पुलिस ही लेकर गई थी। सदर पुलिस की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

मामले को लेकर एएसपी प्रियंका ने बताया कि दिल्ली में द्वारका की साइबर टीम अलवर आई थी। साइबर फ्रॉड के मामले में तूलेड़ा गांव निवासी टिंडू पुत्र भंवरदास को लेकर गई थी। वहां तिहाड़ जेल में आरोपी युवक बंद था। जेल के अंदर ही युवक की मौत हो गई है। मौत का कारण सामने नहीं आया है। हालांकि प्रारंभिक जानकारी में सुसाइड जैसी बात सामने आई थी।

मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने रात को ही थाने पर हंगामा कर दिया।



**युवक के परिजन और ग्रामीणों ने अलवर सदर थाने के सामने घेराव किया।**

- **पुलिस का कहना है कि मामले की न्यायिक जांच होगी, जो भी घटना होगी, इसकी पुष्टि भी की जाएगी**
- **साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली पुलिस ने युवक को अलवर के तूलेड़ा से गिरफ्तार किया था, जेल में युवक की मौत हो गई थी**
- **मौत का कारण सामने नहीं आया**

उन्होंने कहा कि युवक टाइल्स लगाने का काम करता था और पूरी तरफ स्वस्थ था। सदर थाना पुलिस गांव में भी पहुंची थी। उसके बाद ही दिल्ली पुलिस लेकर गई है। अब युवक की मौत के बाद मातम छाया हुआ है। उधर, पुलिस का कहना है कि इस मामले की न्यायिक जांच होगी, जो भी घटना होगी, इसकी पुष्टि भी की जाएगी।

# प्रिंसिपल-टीचर के तबादले कर तीन घंटे में पलटी सरकार

## 40 स्कूल प्रिंसिपल, 7 लेक्चरर और 8 थर्ड ग्रेड टीचर का ट्रांसफर किया गया था

**बीकानेर,** (निसं)। विधानसभा उप चुनाव की घोषणा से पहले शिक्षा विभाग में ट्रांसफर कर दिए। हालांकि सरकार ने तीन घंटे बाद ही तबादले के आदेश को रद्द कर दिया। 40 स्कूल प्रिंसिपल, 7 लेक्चरर और 8 ग्रेड थर्ड टीचर का ट्रांसफर किया गया था।

- **शिक्षा विभाग ने एक ही लिस्ट में 40 स्कूल प्रिंसिपल के ट्रांसफर किए थे, जिसमें 39 फेरबदल अकेले दौसा जिले के थे, दौसा में हुए तबादलों पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने आपत्ति जताई थी**

शिक्षा विभाग ने एक ही लिस्ट में 40 स्कूल प्रिंसिपल के ट्रांसफर किए थे, जिसमें 39 फेरबदल अकेले दौसा जिले के थे। बैन के बावजूद ग्रेड थर्ड शिक्षकों के भी तबादले किए गए थे। दौसा में हुए तबादलों पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने आपत्ति जताई थी और उन्होंने तबादले स्थगित करने की मांग की थी। किरोड़ी के लेटर के बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल तबादला आदेश वापस ले लिए। इससे पहले राजस्थान सरकार ने प्रदेश के 78 नगरीय निकायों में की गई राजनीतिक नियुक्तियों पर महज छह घंटे बाद ही रोक लगा दी थी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने प्रिंसिपल के तबादलों की लिस्ट जारी की थी। दौसा के जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने अधीनस्थ सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया था कि जिन टीचर्स का ट्रांसफर हुआ है, उन्हें दोपहर ढाई बजे से पहले जॉइनिंग करवाई जाए। हालांकि आपत्ति के बाद में तबादलों का आदेश वापस लेना पड़ा। ग्रेड थर्ड टीचर की ट्रांसफर लिस्ट प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने जारी की थी। आमतौर पर ग्रेड थर्ड के ट्रांसफर जिला शिक्षा अधिकारी करते हैं, लेकिन ये तबादले प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने किए। लिस्ट में झेलमपुरा, रामपुरा, राताखेत, मांगा राठौरी, वैलवाड़ी, राठौड़ों का गुड़ा, काड़ाफाला, देवाना से ग्रेड थर्ड टीचर के ट्रांसफर हुए। लिस्ट में जिलों का उल्लेख नहीं किया गया। ग्रेड थर्ड टीचर के ट्रांसफर पर रोक है। इसके बाद भी ट्रांसफर लिस्ट में इन टीचर्स को शामिल किया गया।

जब सीताराम जाट से बातचीत करनी चाही तो मीटिंग का हवाला देते हुए बात नहीं की। प्रदेशभर में करीब 90 हजार ग्रेड थर्ड टीचर ट्रांसफर का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग ने महज आठ टीचर का ट्रांसफर किया था। इससे शिक्षक संगठनों में भी रोष है। इस बारे में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं हो सका।

कांग्रेस सरकार ने भी ग्रेड थर्ड टीचर के ट्रांसफर नहीं किए थे। तब तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा और डॉ. बी.डी. कल्ला के समय में आवेदन मांगे गए थे। 80 हजार से ज्यादा ग्रेड थर्ड टीचर ने ट्रांसफर के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी का ट्रांसफर नहीं हुआ। गौरतलब है कि राजस्थान में 7 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे।

# भीलवाड़ा के डॉ. महेश बैरवा का रिश्वत कांड का एक और मामला सामने आया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में डॉक्टर महेश बैरवा द्वारा चलाए जा रहे रिश्वतकांड का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

- **एमजीएच के डॉक्टर के खिलाफ पीड़ित ने जिला कलेक्टर से शिकायत की**

शिकायतकर्ता आफताब हुसैन पिता अब्दुल रहमान निवासी भवानी नगर भीलवाड़ा ने डॉक्टर महेश बैरवा के खिलाफ इलाज के नाम पर 12 हजार रुपये की वसूली करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि सड़क दुर्घटना में चोट से ग्रसित हुए उसके पिता को 3 सितंबर को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था जहां जांच वह एक्स-रे आदि करने के बाद डॉक्टर महेश बैरवा ने ऑपरेशन करने की बात कही, लेकिन पीड़ित का परिवार सरकारी योजना का हिस्सा नहीं था। इसका फायदा उठाकर डॉक्टर बैरवा ने उन्हें सरकारी पर्ची पर एक मोबाइल नंबर लिखकर दिया जो कि उनके दलाल का था। नंबर लिखने के बाद डॉक्टर बैरवा ने कहा कि कल ऑपरेशन किया जाएगा आप उक्त व्यक्ति से ऑपरेशन का सामान खरीद कर लाएं जब पीड़ित के बेटे आफताब ने उक्त नंबर पर बात की तो दलाल ने उन्हें टीबी हॉस्पिटल के सामने बुलाया और 13 हजार देने पर हाथ का ऑपरेशन होने की बात कही। क्योंकि पीड़ित परिवार गरीब परिवार है ऐसे में उसने पैसे नहीं होने की बात कही तो दलाल ने डॉक्टर से बात करते हुए कहा कि पैसे नहीं दोगे तो पिता का ऑपरेशन नहीं होगा, लेकिन पिता का ऑपरेशन बहुत जरूरी था, इसलिए बेटे आफताब ने परिचितों से पैसे उधार लेकर बड़ी मशक्कत के बाद 12 हजार में सहमति बनाते हुए डॉक्टर के बताए दलाल को पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा, लेकिन दलाल ने ऑनलाइन पेमेंट लेने से इनकार कर दिया।

इस पर अगले दिन चार सितंबर को आफताब ने उसे 12 हजार नगद राशि दी। इस पूरे लेनदेन का वीडियो भी आफताब ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बना लिया। ऑपरेशन होने के बाद जब आफताब ने हाथ में डाली जाने वाली प्लेट की मार्केट रेट की जानकारी की तो पता चला कि 4 हजार से 5 हजार की कीमत में आने वाली प्लेट एमजी हॉस्पिटल में डॉक्टरों द्वारा चलाई जा रही कमीशनखोरी के नाम पर आफताब को 12 हजार रुपये में बेच दी गई। डॉ. महेश बैरवा के इस रिश्वतकांड का शिकार हुए पीड़ित आफताब ने इस पूरे मामले की लिखित में शिकायत जिला कलेक्टर नमित मेहता से की तो उन्होंने पूर्व में डॉक्टर बैरवा के खिलाफ चल रही शिकायत का हवाला देते हुए एडीएम के समक्ष पेश होने को कहा। पीड़ित ने इस मामले में एमजी हॉस्पिटल के पीएमओ डॉक्टर अरुण गौड़ और मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा सिंह को भी लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के जटावती गांव नर्सरी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार लोकेश गुर्जर निवासी हथडोली बाइक से अपने बड़े भाई दामोदर की जटावती गांव में दुकान पर दूध देने जा रहा था। इसी दौरान अवैध परिवहन करने तेज गति से बजरी भरने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जटावती नर्सरी के पास बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार लोकेश उछलकर बाइक सहित सड़क के नीचे खाई में जा गिरा एवं गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद ग्रामीण व परिजन युवक को उपचार के लिए टोंक जिला अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं युवक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# भिवाड़ी में पटाखे बनाने वाली कंपनी पर छापा

**भिवाड़ी,** (निसं)। एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री एवं भंडारण करके रखने वालों के विरुद्ध जिला कलेक्टर किशोर कुमार की ओर से दिए गए कार्रवाई के निर्देश पर एसडीएम लाखन सिंह ने भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र चोपनकी में पटाखे बनाने वाली तिवाड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी पर छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण एवं मशीनों से पटाखे तैयार करते श्रमिकों को देख कंपनी को सील किया है।

- **तिवाड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में पटाखों का जखीरा मिला**

एसडीएम लाखन सिंह ने बताया कि भिवाड़ी के चोपानकी औद्योगिक क्षेत्र में पटाखे बनाने की जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो चोपानकी औद्योगिक क्षेत्र में पटाखे की तिवाड़ी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी के अंदर बड़ी तादाद में श्रमिक मशीनों पर पटाखे बनाने में लगे थे। कंपनी के अंदर भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया हुआ था। श्रमिकों से कंपनी मालिक को लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मलिक बाहर गया हुआ है। भारी मात्रा में पटाखे मिलने पर प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान कोई दस्तावेज नहीं पाए जाने पर कंपनी को सील किया गया। कंपनी मालिक से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बाहर होना बताया। कंपनी मालिक को पटाखे निर्मित करने व बिक्री करने के संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# चोरी का पर्दाफाश

**पोकरण,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के निकटतम निर्देशन में पुलिस थाना लाठी द्वारा पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पुलिस थाना लाठी पर 13 अक्टूबर की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा जनरेटर के पास रखा एक ड्रम दो सौ लीटर डीजल से भरा व 12 किलोमीटर लम्बी संचार लाइन के तार चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इस पर पुलिस टीम का घटन कर मुल्जिम मुख्य सरगना रमजान उर्फ लादेन पुत्र बचायेखा को दस्तयाब कर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। मुल्जिम से पूछताछ करने पर अपने साथी रईश पुत्र कमरदीन, घनश्याम पुत्र कल्याणराम, गोविन्द पुत्र तगाराम के साथ मिलकर अपनी गाड़ी कैम्पर से डीजल चोरी करना बताया। मुल्जिम रमजान उर्फ लादेन के कब्जे से बोलेरो कैम्पर जब्त की गई।

# डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, दो की मौत

## दो गंभीर घायल, कुछ श्रमिक जोधपुर की ओर जा रहे थे

**डीडवाना,** (निसं)। नागौर हाईवे पर कोलिया गांव के पास मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर कुछ श्रमिक मजदूरी के लिए जोधपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तड़के करीब 4:30 बजे जब वे कोलिया गांव से गुजर रहे थे, तभी अचानक एक तेज गति से आ रहे डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली उखड़ कर कई फीट दूर जा गिरी, वहीं ट्रॉली में रखा सामान भी चारों ओर बिखर गया। इस हादसे में ट्रॉली में सवार मजदूर उदयपुरवाटी निवासी शंकर सिंह और नीम का थाना निवासी ख्यालीराम की मौत हो गई। जबकि बीजू भाकर और पप्पू सिंह नामक मजदूर भी घायल हो गए।

सूचना के बाद डीडवाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों और घायलों को राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बीजू भाकर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

# पुरुष मित्रों के साथ मिलकर पति को कीटनाशक पिलाया, मौत

## महिला ने अवैध संबंधों के चलते वारदात को अंजाम दिया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने अपने दो पुरुष मित्रों के साथ मिलकर पति के साथ मारपीट की। फिर पति को जबरन कीटनाशक दवा पिला दी। अस्पताल में इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। इस संबंध में भादरा पुलिस थाने में मृतक की पत्नी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

- **भादरा पुलिस थाने में मृतक की पत्नी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ**
- **अस्पताल में इलाज के दौरान महिला के पति की मौत हो गई**

पुलिस के अनुसार बलवंत पुत्र हरिसिंह धाणक निवासी रामबास ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके छोटे भाई सुभाष की शादी शर्मिला के साथ हुई थी। इनके दो बच्चे हैं। सुभाष की पत्नी शर्मिला के राजकुमार पुत्र मानसिंह धाणक निवासी भाड़ी से पिछले एक वर्ष से अवैध संबंध थे। उसने, उसके चाचा प्रताप, पिता हरिसिंह, वेदप्रकाश व सज्जन आदि ने शर्मिला व राजकुमार को कई बार समझाया, लेकिन वे नहीं माने और उनके अनैतिक संबंध वैसे ही जारी रहे। इसी दौरान शर्मिला के सुरेश कुमार पुत्र चिमनाराम जाट निवासी रामबास से भी अवैध संबंध बन गए। शर्मिला के पास सुरेश कुमार व राजकुमार का काफी आना-जाना बढ़ गया।

दो अक्टूबर की रात 10.30 बजे राजकुमार व सुरेश उसके भाई सुभाष की ढाणी आए। दोनों ने सुभाष के साथ मारपीट की, जिससे वह बेसुध हो गया। शर्मिला ने उसके भाई वेदप्रकाश को रात 11 बजे फोन कर बताया कि तुम्हारे भाई सुभाष को पता नहीं क्या हो गया और वह बेसुध पड़ा है। इस पर व उसका भाई वेदप्रकाश बाइक लेकर सुभाष के खेत में बनी ढाणी में गए और सुभाष को संभाला तो वह जोर-जोर से कराह रहा था। तब सुभाष ने उन्हें बताया कि राजकुमार व सुरेश कुमार ने उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती कीटनाशक दवा पिला दी। तुम लोग मुझे बचा लो, ये लोग मुझे जान से मार कर छोड़ेंगे। तब वह व उसका भाई वेदप्रकाश गाड़ी के जरिए सुभाष को हॉस्पिटल में लेकर गए। उसके भाई सुभाष ने रास्ते में बताया कि राजकुमार व सुरेश ने शर्मिला के साथ अवैध संबंधों के चलते उसके साथ मारपीट की और फिर शर्मिला के साथ मिलकर जबरदस्ती कीटनाशक दवा पिला दी।

रास्ते में सुभाष की तबीयत और ज्यादा बिगड़ने लगी। वे सुभाष को लेकर अस्पताल पहुंचे और भर्ती करवाया, लेकिन इलाज के दौरान अपराह्न करीब 3 बजे उसके भाई सुभाष की मौत हो गई। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच भादरा वृताधिकारी संजीव कटेवा कर रहे हैं।

# हथियार की नोक पर बदमाशों ने 3.50 लाख रुपए लूटे

**करौली,** (निसं)। मासलपुर क्षेत्र के सिलोती काछीपुरा मार्ग पर दिनदहाड़े सिलोती ग्राहक सेवा केंद्र के बीसी से बदमाश कट्टे की नोक पर 3.50 लाख रुपए लूटकर ले गए जिसकी लोगों ने पुलिस में शिकायत की है। घटना सिलौती काछीपुरा मार्ग के रोहर की घाटी के डंगरिया वाले हनुमान मंदिर के पास की है जहां मासलपुर बैंक ऑफ बड़ौदा से 3.50 लाख रुपए ले जाते हुए बैंक के बीसी रिंकू कुशवाहा को कट्टे कि नोक पर रोककर मोटरसाइकिल पर आए तीन नकाबपोश बदमाश 3.50 लाख रूपयों को बैग सहित छीन कर ले गए घटना के बाद क्षेत्र के बीसी संचालकों में रोष व्याप्त हो गया एवं घटना के विरोध में कार्य का बहिष्कार कर दिया।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज - 11131401 दिनांक :- 14/10/2024

**निविदा सूचना संख्या:- जोन दक्षिण/09/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से निम्न कार्य से संबंधित संस्थान/फर्मो/व्यक्ति/विक्रेता से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2425A0085,

UBN No. :- JOD2425WSOB00187, JOD2425WSOB00188

राज.संवाद/सी/24/6539 अधिशाषी अभियंता (प्रोजेक्ट)



**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005

Website- energy.rajasthan.gov.in/jvvnl E-mail: jaipurdiscom@jvvnl.org

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (पदार्थ प्रबन्ध-II)

पुराना पावर हाउस परिसर, राम मन्दिर के पास, बनीपार्क, जयपुर-302006

फोन नं0-0141-2202607, e-mail id : semm2@jvvnl.org

**'ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना**

निगम की कार्यशाला में खराब डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए रेट कांट्रैक्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सामान के खरीद हेतु (निविदा संख्या-2865, यूबीएन- VVN2425GLRC00640) 'ई-प्रोक्योरमेंट' प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के बारे में अन्य विवरण वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं। भविष्य में निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन / तिथि बढ़ाने की जानकारी केवल उक्त वेब साईट्स पर उपलब्ध कराई जाएगी।

जेपीआर-2898 (2024) अधीक्षण अभियन्ता (पदार्थ प्रबन्ध-II)

राज.संवाद/सी/24/6566 बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



**Post Graduate Institute of Veterinary Education and Research**

OFFICE OF THE PRINCIPAL INVESTIGATOR, RKVY Project,

Establishment of Biosafety level-3 (BSL-3) facility for the diagnosis of emerging zoonotic diseases

Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences (RAJUVAS)

NH-21, Agra Road, Jamdoli, Jaipur, Rajasthan-302031

E-Mail : pirkvyprojectcdsrz@gmail.com, Contact : 9414250161

No. :- F. ( )/PGIVER/CDSRZ/2024-25/180 Date :- 07/10/2024

**Notice Inviting Bid (NIB)**

Electronic Bids are invited from eligible original manufactures/importers/ authorized distributors on E-Procurement portal for Establishment of BSL-3 Laboratory on Turnkey Basis of estimated cost Rs 250.00 lacs. All the details, terms and conditions related to this E-Tender-01 are available on SPPP website http://sppp.rajasthan.gov.in and www.rajuvas.org and further can be downloaded and uploaded for electronic submission on E-Proc. website http://eproc.rajasthan.gov.in from 09.10.2024 to 08.11.2024 by 4:00 PM.

UBN No. : VAU2425GLOB00084 Principal Investigator

Raj.Samwad/C/24/6565 CDSRZ & BSL-3


# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर हंगामा किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की शिव नगर कॉलोनी में रहने वाली वाली विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। मृतक महिला के शरीर पर चोट के कई निशान थे, जबकि मृतका के ससुर ने मायके वालों को फोन पर विवाहिता के बीमार होने की सूचना दी थी। मृतका के पिता ने उसके पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है।



**मृतक महिला के शरीर पर चोट के कई निशान थे।**

- **मृतक महिला के शरीर पर चोट के कई निशान थे, जबकि मृतका के ससुर ने मायके वालों को फोन पर विवाहिता के बीमार होने की सूचना दी थी**
- **मृतका के पिता ने उसके पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया**

करेड़ा थाने के गोरख्या निवासी भिखाराम पुत्र गोपीलाल लौहार ने सुभाषनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी निरमा की शादी डेढ़ साल पहले सुरास निवासी कमलेश लौहार से हिंदू-रिती रिवाज के साथ की थी। विवाह के बाद से ही निरमा के साथ उसके पति कमलेश का व्यवहार सही नहीं रहा था, इस बारे में बेटी ने कई बार परिवारजनों को बताया, लेकिन सामाजिक प्रतिष्ठा के चलते परिवार वाले चुप रहे। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही निरमा से पांच लाख रुपये दहेज की मांग की जाने लगी थी। पति कमलेश, निरमा के साथ मारपीट भी करता था। दहेज में पांच लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी। पिता ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बड़ी माताजी का कल देहांत हो गया था, जहां उसकी बेटी निरमा व दामाद कमलेश लौहार भी शोक व्यक्त करने आये थे। वहां भी पति ने निरमा के साथ मारपीट की और वहां से निरमा को अपने साथ शिव नगर ले गया था। आरोप है कि निरमा का कल शाम को पिता के पास फोन आया था, जिसमें बेटी निरमा ने उससे कहा कि, मेरा पति कमलेश व सांवर लौहार मेरे साथ मारपीट कर दहेज की मांग कर रहे हैं। दहेज नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कुछ समय बाद पिता भिखाराम के पास निरमा के ससुर जगदीश लौहार का फोन आया कि तुम्हारी बेटी निरमा बीमार हो गई है। तुम अरिहंत हॉस्पिटल आ जाओ। पिता व उसके परिजन हॉस्पिटल पहुंचे तो निरमा का शव लेकर पति व ससुराल वाले बैठे मिले। पिता भिखाराम ने जब बेटी का शव देखा तो निरमा के शरीर पर चोटों के कई निशान थे।

रिपोर्ट में बताया कि उसे शंका है कि उसकी बेटी निरमा की हत्या उसके पति कमलेश व उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने की है। पिता ने जब शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो पति कमलेश व उसके परिवार वालों ने पोस्टमार्टम करेड़ा अस्पताल में करवा देने की बात कही।

आरोप यह भी है कि जब वे शव को पोस्टमार्टम के लिए करेड़ा के लिए लेकर रवाना हुये। तभी आरोपित शव को सुरास गांव के पास ले गये। पिता के पोस्टमार्टम कराने की बात कहने पर उसके व अन्य के साथ आरोपितों ने मारपीट की। जैसे-तैसे पिता व परिजन शव को वहां से एमजी अस्पताल लाये जहां मंगलवार को मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उधर, सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर का कहना है कि मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। मामले में मृतका के पिता की शिकायत पर उसके पति कमलेश के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर, मामले की जांच शुरू की गई है।

# बुजुर्ग महिला नहर में कूदी, मौत

**भरतपुर,** (निसं)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने सुजान गंगा नहर में कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतका के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। महिला के परिजनों का कहना है कि महिला की कुछ दिनों पूर्व ही बायपास सर्जरी हुई थी। महिला बीमारी को लेकर अक्सर तनाव में रहती थी। इसी के चलते आत्महत्या कर ली होगी।

मथुरा गेट थाना के किला स्थित चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेश मान ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि केतन गेट के समीप सुजान गंगा नहर में एक महिला का शव दिखाई दिया, जिस पर महिला के शव सुजानगंगा नहर से बाहर निकलवा कर शिनाख्त कराई। परिजनों ने महिला की पहचान सुशीला शर्मा पत्नी ओमप्रकाश शर्मा निवासी एकता विहार कॉलोनी के रूप में की। महिला के परिजनों का कहना है कि महिला बीमारी को लेकर तनाव में चल रही थी। उसकी कुछ दिनों पूर्व हार्ट की बायपास सर्जरी हुई थी। सुबह वह घर से बिना बताए निकल गई थी। जब उन्हें सूचना मिली कि सुजानगंगा नहर में एक शव मिला है। वहां जाकर देखा तो सुशीला देवी की पहचान हुई।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर**

क्रमांक-1069 दिनांक-09.10.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 17/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/पुलिया मरम्मत व निर्माण कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" एवं "ए" "बी", सी श्रेणी के संवेदकों के समका हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.diproline.org", "www.eproc.rajasthan.gov.in" तथा "www.pwd.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिट हस्तार के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवेश्यक है।

UBN NO. (1) PWD2425WSOB07637, UBN NO. (2) PWD2425WSOB07638,

UBN NO. (3) PWD2425WSOB07639, UBN NO. (4) PWD2425WSOB07640

अधिशाषी अभियंता

DIPR/C/9844/2024 सा.नि.वि. खण्ड खानपुर

# दीर्घकाल के लिए बनाए पेयजल परियोजनाएं : मंत्री कन्हैया लाल

**जयपुर, सवाई माधोपुर,** । राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 सहित जिले में संचालित विभिन्न पेयजल परियोजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति के सफल संचालन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पेयजल से जुडी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। राज्य के सभी नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाकर उनके जीवन स्तर को सुधार लाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी परियोजनाओ की रूप रेखा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की जाए ताकि जनता के पैसे का सदुपयोग कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अवैध कनेक्शन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता भगवान सहाय मीणा को प्रदान किए। उन्होंने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता

■ **क्षतिठास्त सडकों की शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश प्रदान किए है।**

सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक जिले में एक मेटेरियल टेस्टिंग लैब बनवाने एवं जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त सडकों की शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में पेयजल और सिंचाई के लिए भी हम हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। वर्षो से अटके कार्यों को पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार बनने के कुछ ही दिनों के भीतर हमने संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना (ईआरसीपी) के लिए एमओयू कर उस पर काम शुरू कर दिया है। वर्तमान बजट में जल जीवन मिशन के तहत गांवों को सतही जल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 हजार 944 करोड़ रुपये की लागत से चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना का कार्य हाथ में लिए जाने की घोषणा की गई है। परियोजनाओं में ना हो अनावश्यक विलम्ब, लापरवाही बरतने पर हो सख्त कार्रवाई - उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संसाधन से जुडी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन योजना के अंतर्गत शेष रहे कार्यों का चयन आवश्यकता अनुरूप नहीं पाए जाने पर जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि में मौका मुआयना करें ।

पेयजल उपलब्धता पर सरकार गंभीर : उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेयजल समस्या के समाधान के लिए गंभीर है और ईआरसीपी परियोजना के तहत डूंगरी बांध का निर्माण होने तक जिले में पेयजल उपलब्धता के वैकल्पिक उपायों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार कस्वा, एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुंतल, जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व विधायक गंगापुर सिटी मानसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक हिण्डौन, चीफ इंजीनियर भरतपुर मोहन लाल मीना, सुरेन्द्र शर्मा, भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता गंगापुर सिटी रामकेश मीणा, अधीक्षण अभियंता करौली आदि उपस्थित रहे।

## पदयात्रा धूमधाम से निकली

**करौली** । मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली के तत्वाधान में मंगलवार को करौली से 23 भी निशुल्क कलश और पदयात्रा धूमधाम के साथ रवाना हुई जिसका जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

समिति के पदाधिकारी गिर्राज तिवारी एवं प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि मां करणपुर गुमानो माता की निशुल्क पदयात्रा मंगलवार को मदन मोहन जी मंदिर के निकट गोपाल जी मंदिर गायत्री पैलेस से रवाना हुई जिसको अतेवा आश्रम के संत मोनी बाबा एवं भामाशाह दिनेश शर्मा पुना वालों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता भांकरी वाले,गिरार्ज तिवाडी,तेजेन्द्र सिंह दिलीप शर्मा,प्रका'ा शर्मा,महे'ा उपाध्याय सहित कई अन्य लोगो ने संत मोनी बाबा का शॉल उडाकर सम्मान किया इससे पूर्व गोपाल जी मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना कर ध्वज पूजा कर आरती की गई उन्होंने बताया कि दोपहर 1:00 बजे पदयात्रा के रथ के साथ सैकडो कि संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए बैंड बाजे और डीजे के साथ शहर के फूटाकोट,सदर बाजार,अनाज मंडी,पुरानी सब्जी मंडी,भुडारा बाजार होते हुए होली खिड़कियां स्थित सीताराम जी मंदिर पर जाकर कलश यात्रा संपन्न हुई जिनका जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया एवं माता रानी के रथ की पूजा अर्चना की।

# विद्यार्थी ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की महत्वता जानेंगे

**करौली** । शैक्षिणक गतिविधियों के साथ धार्मिक,ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर विद्यार्थियों को सार्थक एवं प्रत्यक्ष ज्ञान हासिल करने का मजबूत माध्यम है। ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के अतीत के ज्ञान को वर्तमान के ज्ञान से जोडे जाने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाधौली द्वारा विद्यालय में निर्धारित नियम के अनुसार शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम को अंजनी मैया मंदिर से केसर सिंह नरूका प्रांतीय समरसता के टोली प्रमुख,अशोक कुमार मीणा जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, गिरधारी लाल नाम जिला महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

बस रवाना होकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल अंजनी मैया मंदिर के साथ पांचना बांध,अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी, श्री मेहंदीपुर बालाजी टोडाभीम, तथा कुटीला धाम बालाजी महस्वा टोडाभीम आदि प्रमुख स्थलों के सामाजिक,ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर ज्ञान कराया जाएगा पांचना बांध कि प्रमुख नदियां,बांध के महत्व एवं बांध की उपयोगिता के साथ, बांध से नहर एवं अतिरिक्त जल कि निकासी के बारे में रूबरू होकर

■ **हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना**

विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त करने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाधौली के प्राचार्य शिवचरण मीणा ने बताया कि एक दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह है भ्रमण कि व्यवस्था हेतु स्वस्थ शैक्षिणक स्पर्धा हेतु विभिन्न महापुरुषों के नाम पर दल बनाए गए हैं दल अनुसार महिला अध्यापक एवं पुरुष अध्यापकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

बस रवानगी से पूर्व प्राचार्य एवं उप प्राचार्य सीमा गुर्जर के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया गोपाल शर्मा बस वाले के द्वारा सभी विद्यार्थियों को उपहार वितरण किया गया नरेंद्र सिंह जादौन ने कार्यक्रम संचालन किया इस अवसर पर ओम प्रकाश गुप्ता,हेमेंद्र शर्मा, मंजू मीणा, बिमला मीणा,श्रीमती सुमन जंगम,सुश्री नीलम मीना, सुश्री अंजना मीणा, श्रीमती आशा मुद्गल, श्री सागर सिंह मीणा शारीरिक शिक्षक, श्रीमती रामा रानी मिश्रा,जैनुल आबेदीन,मलकेश मीणा उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जोशी निर्विरोध बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**सवाईमाधोपुर** । हरिद्वार में मंगलवार को अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमे ओम प्रकाश जोशी को महासभा का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री सुरेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश उपाध्याय संरक्षक कमलेश जी भट्ट, कोषाध्यक्ष महेश जी शर्मा एडवोकेट जगमोहन जी गौतम, जितेंद्र गौतम, राजेश जोशी प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, विनय जी जाजड़ा गौतम आश्रम महामंत्री हरिद्वार, माधव प्रकाश जी, अमित जी, सखी सेवाराम जी, सखी राजारामजी प्रदेश महामंत्री राधेश्याम जी संभाग अध्यक्ष अजमेर सावित्री प्रसाद जी गौतम प्रदेश संरक्षक विमला शर्मा गंगानगर सहित समस्त ब्राह्मण समाज के कई प्रबुद्ध जनों ने उन्हें सफल कार्यकाल के लिए बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### करवा चौथ उत्सव 17 को

**भरतपुर** (निस)। खंडेलवाल सखी के तत्वावधान में आगामी 17 अक्टूबर को करवा चौथ उत्सव स्थानीय कुम्हेर गेट से रेडक्रास चौराहे रोड पर स्थित होटल बृज-इन में धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए सखी संयोजिका सरोज लोहिया ने बताया कि इस थीम पर भरतपुर में पहली बार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसी भी समाज की कोई भी महिला भाग ले सकती है। कार्यक्रम में थाली करवा प्रतियोगिता व चलनी प्रतियोगिता, वेस्ट कास्ट्ययूम, वेस्ट मेंहदी, वेस्ट हेयर स्टाइल तथा वेस्ट डांस व वेस्ट क्वीन की प्रतियोगिता रहेगी। इस कार्यक्रम में 5 लकी ड्रा भी निकाले जायेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3.30 बजे से आयोजित होगा और समापन स्वरूचि भोज के साथ होगा। कार्यक्रम की संयोजिका सुधा एवं वंदना खंडेलवाल हैं। कार्यक्रम की तैयारियां जोरदारी से की जा रही हैं।

### मधुमख्खियों के हमले में आधा दर्जन महिलाएं चोटिल

**गंगापुर सिटी** 15 अक्टूबर। समीपवर्ती जलोखरा गांव में मधुमिक्खयों के हमले में 4 महिला सहित 5 जने गंभीर घायल हो गए। घायलों को परिजन गंगापुर सिटी लेकर आए और इनमें से 2 को जिला अस्पताल जबकि 3 को पास के ही एक निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया है, जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कैलाश खेतों में ट्रैक्टर से बोबाई करवा रहा था इस दौरान अचानक मधुमिक्खयों ने हमला कर दिया। मधुमिक्खयों के हमले से एकाएक खेत में काम कर रहे लोगों में भगदड सी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर दुबकते दिखाई दिए, लेकिन काफी बचने के बावजूद कई लोग मधुमिक्खयों के हमले में घायल हो गए। इनमें जलोखरा निवासी माया (45) पत्नी कैलाश, रितिका (2०) पुत्री कैलाश, पूजा (17) पुत्री कैलाश, भौरी पत्नी चिरंजी और सीताराम (53) पुत्र गंगाधर घायल हो गए। सभी घायलों को परिजन गंगापुर सिटी लेकर पहुंचे, जहां इनमें से माया और पूजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जबकि 3 अन्य को एक निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज चल रहा है।

### गढमोरा के लिए पदयात्री रवाना

गंगापुर सिटी । कर्मावती जन्म धाम सेवा समित की देखरेख में कर्मावती जन्म धाम गढमोरा की 12वीं पदयात्रा मंगलवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी के मंदिर से शाम 5 बजे बैंडबाजों के साथ रवाना हुई। पदयात्रा की रवानगी से पूर्व कर्मावती जन्म धाम सेवा समित के पदाधिकारी-सदस्य और सैन समाज के सैंकडों महिला-पुरुष, युवा, बुजुर्ग पुरानी अनाज मंडी स्थित सीतारामजी मंदिर में दोपहर 3 बजे एकत्रित हुए। साथ ही सहयोगी परगना बडी उदेई, कुडगांव चौरासी, सपोटरा, जीरोता, करौली आदि जगहों से भी लोग मंडी स्थित मंदिर पर पहुंचे। यहां पहले विधिवत भगवान के साथ साथ कर्मावती जन्मधाम गढमोरा के ध्वज की पूजा अर्चना और आरती की गई। इसके बाद फूलों से सजे-धजे रथ में प्रतिमा को विराजित किया गया। इसके बाद डीजे, बैंडबाजों के साथ पदयात्रा रवाना हो गई। पदयात्रा में शामिल उत्साही युवक, महिला-पुरुष भगवान के जयकारे लगाते हुए और भजनों व गीतों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा पुरानी अनाज मंडी से शुरु होकर पदयात्रा मंडी परिसर की परिक्रमा करते हुए पावर हाउस, फव्वारा चौक, पुरानी चुंगी, उदेई मोड होते हुए नादौती रोड से कर्मावती जन्मधाम गढमोरा के लिए रवाना हो गई। पदयात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पदयात्रा में कर्मावती जन्म धाम सेवा समिति अध्यक्ष विष्णु जगरवाल, उपाध्यक्ष रामू हीरापुर, कोषाध्यक्ष गोपाल सोप, उप कोषाध्यक्ष बबलू सिसोदिया, राजकुमार, रामचरण, जगदीश, सुनील सिसोदिया, जगदीश निर्वाण, बजरंग, सूरज सैन, खेमचंद, गोविंद और राधेश्याम सहित कई पदाधिकारी और समाज के सैकडों लोग शामिल थे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पदयात्रा 16 तारीख को गढ खेडा होते हुए कर्मावती जन्म धाम गढमोरा पहुंचेगी, जहां 17 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

**गंगापुर सिटी** 15 अक्टूबर। रात्रिकालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय पीजी महाविद्यालय पर किया जा रहा है। इसमें 32 टीम भाग ले रही हैं और यह टूर्नामेंट 19 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रतियोगिता में अलग-अलग जिलों भरतपुर, जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, लालसोट, डीडवाना, बस्सी, ग्वालियर, धौलपुर, झालावाड आदि की टीमें शामिल हैं। सोमवार रात को पहला मैच महूकला और टोडा बस्सी के बीच खेला गया। जिसमें महूकला ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। इसमें पहले बैटिंग करते हुए महूकला ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर 65 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में टोडा बस्सी की टीम ने 5.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर आसानी से मैच जीत लिया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच पवन बगरू रहे। इसी तरह दूसरा मैच एमएम खान और लालसोट के बीच खेला गया, जिसमें एमएम खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। लालसोट की ओर से पहले ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए पैराशूट खिलाडी आमिर सोहिल और पिंटू टूटवास ने अर्धशतक लगाया और टीम ने 8 ओवरों में 15० रन बना। इसके जवाब में एमएम खान की टीम 8 ओवरों में 42 रनों पर ढेर हो गई और इस मैच के मेन ऑफ द मैच आमिर सोहिल रहे। इसी तरह तीसरा मैच टोडा बस्सी और लालसोट के बीच खेला गया जिसमें लालसोट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और लालसोट ने निर्धारित 8 ओवरों में 78 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जबाव में टोडा बस्सी की टीम 8 ओवरों में 58 रनों पर ढेर हो गई। इस मैच के मेन ऑफ द मैच आशीष शर्मा रहे। इस दौरान नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पार्षद बबलू चौधरी, उदेईकलां सरपंच पति और समाजसेवी मुक्तदीर अहमद, आयोजनकर्ता फहद, फाइक पठान, फिरोज अध्यापक, सलमान मेंबर उपस्थित थे।

### योजना के बारे में दी जानकारी

**गंगापुर सिटी** । कंपनियों को प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। जिला कलेक्टर ने कहा कि 12 अक्टूबर से इस योजना में युवाओं के लिए पंजीकरण खोल दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान पात्र आशार्थी को हर माह 5००० रुपए दिए जाएंगे जिसमें से 45०० रुपए केंद्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से और 5०० रुपए कंपनी अपने सीएसआर फंड से प्रदान करेगी। कंपनियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से इससे अधिक राशि भी दी जा सकती है। केंद्र सरकार की ओर से पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षण केन्द्र पर जॉईनिंग के समय 6000०रुपए एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से अलग से दिया जाएगा।

### खिलाडियों का स्वागत किया

**भरतपुर** (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अठासेन महिला पीजी कॉलेज में कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमएसजे कॉलेज की महिला टीम उपविजेता रही। जिस पर एमएसजे कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्या प्रो इला मिश्रा एवं खेल अधिकारी प्रो मगन प्रसाद ने महाविद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी।

### भक्तों ने पाई प्रसादी

**भरतपुर** (निस)। शहर के निकटवर्ती पक्का बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद आचार्य राजपुरोहित लक्ष्मी नारायण ने हिंदू रीति रिवाज विधि विधान से यज्ञ में पूर्णाहुति दिलाई। जिसके बाद में भंडारा किया। जिसमें हजारों भक्तगणो ने प्रसादी पाई। पार्षद रामेश्वर सैनी ने आचार्य राजपुरोहित लक्ष्मी नारायण का माला पहना सम्मान किया।

# तलाब में नाव पलटने की सूचना से हडकंप मचा

**करौली** । करौली के रणगमा तलाब में नाव डूबने कि सूचना से एक साथ हडकंप मच गया वही पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागो के अधिकारी दौडकर मौके पर पहुँचे लेकिन मौके पर पहुंचकर देखा कि एनडीआरएफ का मॉक ड्रिल है तो सभी ने राहत कि सांस ली ।

जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना कि मौजूदगी में एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम के जवानों ने मॉक ड्रिल किया इस दौरान तीन गांव विचपुरी,पातरी,महतोनपुरा मे नाव पलटने से डूबे लोगों को निकालने का मॉक ड्रिल एनडीआरफ 6 बटालियन वडोदरा के असिस्टेंट कमांडर योगेश मीणा,निरीक्षक विनोद मीणा के नेतृत्व में किया गया सिविल डिफेंस टीम के प्रभारी प्रदीप के नेतृत्व में सिविल डिफेंस जवान मौजूद रहे आपातकालीन स्थिति में पानी में डूबने से बचाव और इमरजेंसी चिकित्सा के भी उपाय बताए इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थानाधिकारी सुनील कुमार, सीएमएचओ डॉ.दिनेश मीणा सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

**आवेदन 20 नवम्बर तक :** करौला जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (जैन, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, बौद्ध, सिख) की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं के लिए कालीबाई भील स्कूटी योजना 2024-25 के लिए 20 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।

## एससपी ने दिया संपत्ति का ब्यौरा

**करौली** । सरकार को करौली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने अपनी संपत्ति का निल ब्यौरा दर्शाकर ईमानदारी का परिचय दिया है या तथ्य छुपाए हैं।

केंद्र और राज्य सरकार ने सरकार के राजनीति का सांसद, विधायक, मंत्री के अलावा और बड़े पदों पर पदासीन राजनेताओं एवं सरकारी अधिकारी,कर्मचारीयों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सरकार को देना अनिवार्य कर रखा है । इसी कडी में करौली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर आसीन शंकर लाल मीणा का हाल ही में स्थानांतरण हो गया है जिन्होंने वर्ष 2023 में दौसा पद स्थापित रहते हुए सरकार को अपनी संपत्ति का ब्यौरा पेश किया गया जिसमें उन्होंने अपनी संपत्ति का निल होना दर्शाया गया है जिस संपत्ति के ब्यौरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा का ईमानदार होना प्रतीत होता है ।

# 'बीमारियों से सावधानी बरतने की जरुरत'

**करौली** (नि.स.)। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए इन दिनों सावधानी बरतनी की आवश्यकता है बारिश थमने के बाद पानी भराव वाले स्थानों पर मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण रहता है इसलिए सावधानी बरत कर बचाव संभव है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेशचंद मीना ने बताया कि बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप रहता है, जिनमें मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनियां मच्छरों के काटने से होती हैं। मच्छरों के पनपने के स्थानों की सफाई रखी जाये तो मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम संभव है। उन्होंने बताया कि आमजन भी प्रत्येक रविवार 30 मिनट का समय अपने घरों पर मौजूद कूलर, टंकी, परिंडे,

■ **बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप रहता है,**

फूलदान, फ्रीज टे और छत के कबाड की सफाई को दें एवं अपने आस पास पानी एकत्रित न होने दें। उन्होंने बताया कि गड्ढों में एकत्रित पानी में एमएलओ डलवायें मच्छरों के पनपने वाले स्थानों पर मच्छर रोधक दवा का छिडकाव करावें ताकि समय से मौसमी बीमारियों की रोकथाम संभव हो सके।मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्या करें:- डॉ. मीना ने बताया कि सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें, पूरी आस्तीन के कपडें पहनें, घर के दरवाजों व खिडकियों पर जाली लगवायें, पानी की टंकियों का ढक कर रखें और फूलदान, गमले व कूलरों का पानी का पानी साप्ताहिक अंतराल में बदले एवं नालियों की साफ-सफाई रखें तथा अपशिष्ट पदार्थो की उचित निस्तारण करें और साथ ही व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखें। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्या न करे : -उन्होंने बताया कि घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा होने देना सुबह व शाम के समय खिडकी दरवाजों को खुला छोडना, पुराने व खराब सामान को छत पर रखना, खुले में शौच करना, पुराने टायर, प्लास्टिक के कपडे और बुखार आने पर लापरवाही करना एवं बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन करना।

# छात्र-छात्राओं को समझाया हाथों की स्वच्छता के लाभ

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर शहर में आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण अन्तर्गत राजुल कुमार, अधिशाषी अभियन्ता के मार्गनिर्देशन के क्रम में सामुदायिक जागरुकता एवं जनसहभागिता इकाई (कैप) द्वारा वर्ल्ड हैण्ड वाशिंग डे के अवसर पर शक्तिमान पब्लिक स्कूल, आनन्द नगर के छात्र-छात्रओं के मध्य हाथों की स्वच्छता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोशल एक्सपर्ट मनीष कटारा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को समझाया कि हाथों की स्वच्छता हमें कई प्रकार की बीमारियों व सक्रमंणो से बचाव

■ **वर्ल्ड हैण्ड वाशिंग डे पर जागरुकता कार्यक्रम चलाया**

करती है। इसके लिये हम नियमित रुप से साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाये, साथ ही अन्य लोगों को भी इसके लिये जागरुक करें। उन्होंने बताया कि जब हम अपनी आँखों, नाक-मुँह को गन्दे हाथों से छुते है तब संक्रमण या बीमारी से ठासित हो सकते है इससे यह संक्रमण अन्य लोगों में भी फैलता है। एएसडी सुरेन्द्रपाल ने उपस्थित छात्र-छात्रओं को चरणबद्ध तरीके से साबुन से हाथ धोकर दिखाया साथ ही छात्र-छात्राओं को भी अभ्यास कराया साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई कि हम सभी अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता सम्बन्धी आदतों को अपनायेंगें और अन्य व्यक्तियों को भी इसके लिये जागरुक करेगें। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को हाथों की स्वच्छता व हाथों को किस प्रकार साबुन से धोना चाहिये सम्बन्धी डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म दिखाने का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन में ममता कुशवाह, एसओटी अशोक सिंह ने सक्रिय योगदान दिया।

## आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

**करौली** । कलेक्ट्रट सभागार जिला करौली मे विकास सिंह कमांडेंट यबबकद्ध 6 वी वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचक बल के निर्देशानुशार ई06 बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने योगेश कुमार मीना,राजस्थान प्रभारी एनडीआरफ आरआरसी किशनगढ राजस्थान के पर्यवेक्षण एवं निरी,जीडी विजय सिंह मीना के नेतृत्व मे जिला कलेक्टर नालाभ सक्सैना के साथ बैठक का आयोजन किया । बैठक में बाढ पर आधारित विषयों पर चर्चा की एनडीआरएफ ने बाढ आधारित आपातकाल जैसे हालात होने पर किये जाने वाले बचाव कार्यो और नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर किस प्रकार बाढ के संकटकालीन स्थिति से निपटेगा पर चर्चा हुई।

# 4 दिवसीय कीर्तन व पद दंगल आज से

**सपोटरा करौली** । ग्राम पंचायत नारौली डांग के कोठी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आज बुधवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय हरी कीर्तन व पद दंगल की तैयारियों का कमेटी के सदस्यों ने जायजा लिया।

आम बस्ती कि ओर से कोठी वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय दंगल के सफल आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें पांडाल,टेंट,लाइट डेकोरेशन,भोजन व्यवस्था,साउंड आदि को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। दंगल कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आम बस्ती की ओर से कोठी वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में 16 व 17 अक्टूबर को दो दिवसीय हरिकीर्तन दंगल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रामनिवास व नरेश एण्ड पार्टी जीरोता, रामलाल भोले एण्ड पार्टी औड़च, कमल व रमेश एण्ड पार्टी खानपुर, रामदयाल व श्यामलाल एण्ड पार्टी जोड़ली, लालजीराम व देवफूल एण्ड पार्टी पहाड़पुरा की हरिकीर्तन पार्टियां भाग लेंगी। 18 व 19 अक्टूबर को पद पार्टी जगन एण्ड पार्टी डेंडान, झंडुराम एण्ड पार्टी शेखपुरा,छुट्टन एण्ड पार्टी झारेड़ा व दिनेश सैनी एण्ड पार्टी भूडा उकेरी भाग लेंगी। जिसमें प्रसिद्ध पार्टियां धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगी।

# 'भाजपा कार्यकर्ता रेफरल कोड से 100 सदस्य बनाए'

**करौली** । राधेश्याम फार्म हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष 'ाविकुमार सैनी कि अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया दीप प्रज्वलन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

भाजपा जिला मीडिया सह सयोजक योगेन्द्र सिंहल ने बताया कि कार्यशाला के मुख्य वक्ता भानु प्रताप सिंह रहे साथ में जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। सक्रिय सदस्यता के जिला संयोजक प्रहलाद सिंहल ने सक्रिय सदस्य बनने हेतु आवश्यक निर्देश बताएं। सिंहल ने बताया कि सक्रिय सदस्यता हेतु प्राथमिक सदस्यता लिए हुए भाजपा कार्यकर्ता को अपने रेफरल कोड के माध्यम से कम से कम 100 सदस्य बनाना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही कोई भी कार्यकर्ता भाजपा का सक्रिय सदस्य बन सकेगा, सक्रिय सदस्य हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन ही कार्यकर्ता जमा करवाना होगी। जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक सदस्यता अभियान पूर्व में 15 अक्टूबर तक था जिसको केंद्र एवं प्रदेश द्वारा 20 अक्टूबर तक कर दिया गया है यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक मौका है जिसमें हम अधिक से अधिक कार्य करते हुए आम जन को भाजपा की प्राथमिक व्यवस्था दिलवाएं। सैनी ने यह भी कहा कि यह अभियान भाजपा के लिए एक महापर्व की तरह है जिसे सभी

■ **सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यशाला हुई**

कार्यकर्ताओं को अपने रेफर कोड से नए सदस्य बनाकर मनाना चाहिए। जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा 17 अगस्त को केंद्रीय स्तर से प्राथमिक सदस्यता अभियान का प्रारंभ हुआ इसके पश्चात यह अभियान प्रदेश एवं जिला स्तर से प्रारंभ होते हुए बूथ स्तर तक 20 अक्टूबर तक जारी रहेगा। शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी 5 दिन पूर्ण जोर-जोर के साथ में आम जन को प्राथमिक सदस्य बनाने के कार्य से जुट जाने का आ ान किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए भानु प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि लक्ष्य को आसानी से प्राप्त करने हेतु कार्य की उचित मॉनिटरिंग करनी चाहिए कार्यशाला में रमेश राजोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा,धीरेंद्र सिंह बैंसला जिला महामंत्री,गजेंद्र सिंह जिला महामंत्री,हरी सिंह बैरवा जिला महामंत्री,सुरेश चंद गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष,उत्तम सिंह जादौन, दिलीप गुप्ता सदस्यता अभियान के सह संयोजक,सीमा शुक्ला, अमिता चतुर्वेदी,के के सारस्वत, धर्मेंद्र सिंह जादौन,मंडलों के अध्यक्ष आशुतोष तिवाड़ी, धर्मेंद्र सिंह गुड़ा, उधम सिंह, सत्येंद्र चैधरी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लूटपाट का दूसरा आरोपी भी गिरफ्त में

**गंगापुर सिटी** । पीलौदा थाना क्षेत्र में खेत से घर लौट रही अकेली महिला को देखकर कुछ लोगों द्वारा की गई लूटपाट और महिला के कानों से तोडे गए कुंडल के मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि गैर तफ्तीश प्रकरणों व वांछित फरार आरोपियों की धरपकड के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी पीलौदा ओमेन्द्रसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए लूट के प्रकरण में वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से लूट में उपयोग ली गई एक बाइक और लूटे गए कानों के कुंडल भी बरामद किए हैं। थानाधिकारी ओमेन्द्र सिंह ने बताया कि 28 सितंबर 2०24 को पीडित जितेन्द्र पुत्र हरसाय मीना निवासी छोटी उदेई पुलिस थाना पीलौदा ने शिकायत दी थी कि उसकी मां कलावती मीना खेत से बाजरे की फसल काटकर छान से छोटी उदेई वाले रास्ते पर पैदल घर आ रही थी। रेलवे अण्डरपास छोटी उदेई में छान की तरफ से एक बाइक पर दो अज्ञात बादमाश आए और उसकी मां को अण्डरपास में अकेली देखकर पकड लिया और उसके कानों में पहने सोने के कुंडलों को दोनों बादमाश जबरदस्ती लूट ले गए, जिससे उसकी मां के दोनों कानों में चोट आई।

# छोटे बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर लगेगा

**भरतपुर** (निस)। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला भरतपुर में आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित प्रदर्शनी में जीरो से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन डॉ इंदु शर्मा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर के निर्देशन में बुधवार को प्रात: 9 से 12 बजे तक किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ ललित व्यास ने बताया कि स्वर्ण प्राशन एक प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक स्वर्ण औषधि है, जिसे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जाता है। इसे मुख्य रूप से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उपयोग किया जाता है। स्वर्ण प्राशन संस्कार को जन्म के तुरंत बाद से 16 साल तक के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। स्वर्ण प्राशन. स्वर्ण भस्म, घी (गाय का घी) घी में वसा और पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। शहद को भी प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला माना जाता है। साथ ही कुछ जड़ी-बूटियों के अर्करू ब्राह्मी, वचा, शंखपुष्पी जैसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियाँ मस्तिष्क और स्मरण शक्ति को बेहतर बनाने में सहायक होती हैं। यह बच्चों को बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। स्वर्ण प्राशन बच्चों की स्मरण शक्ति, ध्यान क्षमता और बौद्धिक विकास को बढ़ाता है। यह बच्चों का शारीरिक विकास में भी सहायक होता है और उनकी शारीरिक शक्ति को बढ़ाता है। इसका सेवन हृदय, त्वचा और आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। स्वर्ण प्राशन का नियमित सेवन पाचन तंत्र को सुधारता है और भूख को बढ़ाता है। स्वर्ण प्राशन की मात्रा बच्चे की आयु और शारीरिक स्थिति के अनुसार होती है। इसे हर महीने या नियमित अंतराल पर दिया जा सकता है। आयुर्वेद में स्वर्ण प्राशन को बच्चों के लिए अति महत्वपूर्ण संस्कार माना गया है। इसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में मददगार माना जाता है, और यह लंबे समय तक स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रदान करता है। स्वर्ण प्राशन संस्कार किसी भी आयुर्वेदिक चिकित्सक की देखरेख में कराई जानी चाहिए।

# स्नेह मिलन समारोह आज

**जुरहरा** (निस)। स्थानीय खंडेलवाल धर्मशाला में आज वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में वैश्य समाज का स्नेह मिलन समारोह एक समारोह के रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में वैश्य समाज के प्रतिभाशाली व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। स्नेह मिलन व सम्मान समारोह अनुराग गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के मुख्य आतिथ्य, अनिल लोहिया जिला अध्यक्ष भरतपुर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की अध्यक्षता, सेवानिवृत आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर नरेश गोपाल वार्ष्णेय व पशु चिकित्सा अधिकारी जुरहरा डॉ. नीरज गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रविंद्र जैन पूर्व प्रधान कामां, सुमनेश गुप्ता जिला महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन, जितेंद्र अठावाल जिला मंत्री अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेंगे। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इकाई जुरहरा के अध्यक्ष मोरमुकुट जैन ने बताया कि कार्यक्रम में वैश्य समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।



अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। - पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## संतोष कश्यप



**सीनियर** महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जायेंगे। इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप-ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के बीएस चन्द्रशेखर विश्व के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में बनाए गए रनों से अधिक विकेट प्राप्त किये। उन्होंने टेस्ट मैचों में 166 रन बनाए और 242 विकेट लिये।

## भारत के खिलाफ सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को झटका, बेहतरीन गेंदबाज हुआ बाहर



नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारत-न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 16 अक्टूबर से खेली जाएगी। पहला टेस्ट बेंगलुरु में खेला जाएगा। इससे पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज बेन सियर्स घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका में हाल ही में टेस्ट सीरीज के दौरान ट्रेनिंग के दौरान सियर्स को बाएं घुटने में दर्द हुआ था। पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड में उनका स्कैन किया गया था।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्कैन में सियर्स के मेनिस्कस में चोट का पता चलने के बाद भारत जाने में देरी हुई। मेडिकल एडवाइस के बाद वह सीरीज से बाहर हो गए। ओटागो वोल्ट्स के अनकैप्ड गेंदबाज जैकब डफी को सीयर्स की जगह टीम में शामिल किया गया है। वे मंगलवार शाम को भारत के लिए रवाना होंगे। ओटागो के लिए सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले 30 वर्षीय डफी ने ब्लैककैप्स के लिए 6 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं। वर्तमान में उनके नाम 299 प्रथम श्रेणी विकेट हैं। वहीं 26 वर्षीय बेन सियर्स ने इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने 1 टेस्ट की 2 पारियों में 5 विकेट झटके हैं।

# तेज गेंदबाजी में बेंच स्ट्रेंथ की जरूरत क्योंकि हम कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं होना चाहते : रोहित

बेंगलुरू, 15 अक्टूबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम के पास बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है और वह तेज गेंदबाजी में भी इसी तरह का समूह बनाना चाहते हैं जिससे कि चोटों का टीम के संतुलन पर असर नहीं पड़े। रोहित की यह टिप्पणी उस समय आई है जब सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चोट से उबरने में अधिक समय लग रहा है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के कंधे में भी चोट लगी है जिन्हें जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था।

रोहित ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, ''जब बल्लेबाजी की बात आती है तो बहुत सारे विकल्प हैं। हम गेंदबाजी में भी यही करना चाहते हैं। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं जहां अगर कल किसी को कुछ भी होता है तो हमें चिंता नहीं हो।'' उन्होंने कहा, ''हम कुछ खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहते। ऐसा करना सही नहीं है। हम भविष्य को देखते हुए यह सुनिश्चित करने की कोशिश करना चाहते हैं कि हमें सही खिलाड़ी मिलें।''



यही कारण है कि भारत द्वारा तेज गेंदबाजों मयंक यादव, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए रिजर्व के रूप में चुना जाना आश्चर्य की बात नहीं थी। हालांकि प्रसिद्ध की टीम के साथ यात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से फिटनेस स्वीकृति मिलने पर निर्भर है क्योंकि उन्हें इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक के शुरुआती रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान चोट लग गई थी। रोहित ने साथ ही बताया कि भारतीय थिंक टैंक क्यों चाहता था कि ये युवा तेज गेंदबाज सीनियर टीम के साथ रहें।

उन्होंने कहा, ''तो कल अगर हमें लगता है कि वे उस भूमिका (घायल तेज गेंदबाज की जगह) को निभाने के लिए तैयार हैं तो उन्हें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। बेशक उन्होंने हमारी घोषणा से पहले कुछ मैच खेले हैं।'' रोहित ने कहा, ''उन्होंने दलीप ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी भी खेली है। इसलिए हम बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन पर अच्छी तरह से नजर रखी जाए। उनके काम के बोझ का ध्यान रखा जाए।'' रोहित ने कहा कि ऐसा कदम उठाना जरूरी है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट सफेद गेंद के प्रारूपों की तुलना में बिलकुल अलग खेल है और गेंदबाजों को इससे सामंजस्य बैठाने में समय लगता है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली पूरा करेंगे 9000 रन

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला पिछले कुछ मैचों से शांत रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में फैंस को कोहली से कई उम्मीदें हैं। विराट द्वारा खेली गई पिछली आठ पारियों में महज एक अर्धशतक निकला है। वो भी उन्होंने 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। 16 अक्टूबर से भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा।

विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने के काफी करीब है। 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में विराट कोहली को 9 हजार रन पूरे करने के लिए 53 रनों की जरूरत है। अगर वह ऐसा करने में कामयाब होते हैं तो वह टेस्ट में 9000 रन से ज्यादा



बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। विराट से पहले ये कारनामा सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर कर चुके हैं। वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन जाएंगे।

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 रन बनाए हैं। इसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें नौ हजार रन का बैरियर पार करने के लिए महज 53 रन की जरूरत है। कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका बेस्ट स्कोर 254 है। भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। ऐसे में विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण अहम साबित होगा।



## दूसरे टेस्ट के पहले दिन पाक के पांच विकेट पर 259 रन

मुल्तान, 15 अक्टूबर। कमरान गुलाम के पदार्पण शतक (118) एवं सलामी बल्लेबाज सईम अयूब (77) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पांच विकेट पर 259 बना लिए।

आज यहां मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 15 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (सात) को लीच ने बोल्ड कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिला दी। स्कोर बोर्ड पर अभी चार रन और जुड़े थे कि लीच ने कप्तान शान मसूद (सात) को क्रॉली के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान टीम को दूसरा झटका दे दिया। तीसरे विकेट के लिए इस टेस्ट में पर्दापण करने वाले कमरान गुलाम और सईम अयूब ने संभलकर खेलते हुए टीम के स्कोर को 168 रनों तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर पॉट्स ने सईम अयूब (77) को स्टोक्स के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा और टीम को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सऊद शकील को कार्स ने जल्दी ही स्मिथ के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान का चौथा विकेट झटक लिया।

पहला टेस्ट मैच खेल रहे कमरान गुलाम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। खेल समाप्ति से कुछ देर पहले कामरान को बशीर ने (118) के स्कोर पर बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। खेल समाप्ति पर मोहम्मद रिजवान (37) तथा आगा सलमान पांच रनों पर नाबाद रहे।

## अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी : राजस्थान के मोहित चांगरा, अशोक व हिमांशु की शानदार गेंदबाजी

जयपुर, 15 अक्टूबर। हिमाचल के अमतर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रीय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के राजस्थान-हिमाचल मैच के तीसरे दिन राजस्थान के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सहायता से राजस्थान ने हिमाचल के विरूदपहली पारी में न केवल बढ़त प्राप्त की साथ ही हिमाचल को फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया।

राजस्थान पहली पारी 559 आल आउट, हिमाचल पहली पारी 297 आल आउट

राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 41/4, अशोक शर्मा 62/2 व हिमांशु नेहरा 50/2 विकेट प्राप्त करते हुए हिमाचल को फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया। हिमाचल दूसरी पारी 6/2, तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए थे। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 3/2 विकेट प्राप्त किये।

## राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल, दिल्ली और महाराष्ट्र का विजयी अभियान जारी



जयपुर, 15 अक्टूबर। जयपुर के विद्याधर नगर स्तिथ फुटबॉल मैदान पर राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जारी राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के सेकेंड फेस में मंगलवार को दो मैच खेले गए, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की सुबह आठ बजे खेले गए पहले मैच में महाराष्ट्र ने अंडमान निकोबार को एकतरफा अंदाज में 26 - 0 से हराया, विजयी टीम की तरफ से प्रेरणा ने एक गोल (16 मिनट), रितिका 1 गोल, पायल कोठरी 3 गोल, आर्या मोरे 5 गोल, वेशणवी 5 गोल, साक्षी 4 गोल, पूजा 2 गोल, उर्वी 3 गोल और शरवानी ने 1 गोल किया, प्लेयर ऑफ द मैच महाराष्ट्र की 9 नंबर जर्सी पायल कोठरी को चुना गया जिसे मुख्यातिथि प्रज्ञा सैनी, असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रसाद महानकार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती, मिलिंद डांगे, कोषाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, मेघ सिंह चौहान, प्रदेश संयोजक, क्रीड़ा भारती ने चुन्नरी और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टाक ने बताया की दोपहर 3:30 बजे खेले गए दूसरे मैच में दिल्ली ने पांडिचेरी को 11 - 0 से शिकस्त दी, विजय टीम की तरफ से फ्रेगनेंसी 1 गोल, दीपिका 4 गोल, देबिका 2 गोल, सनफिदा ने 4 गोल किए, प्लेयर ऑफ द मैच दिल्ली की 10 नंबर जर्सी दीपिका पाल को चुना गया जिसे जितेंद्र सिंह शेखावत, पचार ग्रुप और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विमलेश शर्मा द्वारा चुन्नरी और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है की 6 अक्टूबर से शुरू हुए टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स कास्ट चैनल पर किया जा रहा है तथा दर्शकों के मैच देखने के लिए मुफ्त व्यवस्था राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा की गई हुआ।

## इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज



दुबई, 15 अक्टूबर। हेली मैथ्यूज (50) और किआना जोसेफ (52) रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्वकप के 20वें मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। किआना जोसेफ को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इंग्लैंड के 141 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ की सलामी जोड़ी ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 102 रनों की साझेदारी की।

13वें ओवर में नेट साइवर ब्रंट ने किआना जोसेफ को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। किआना जोसेफ ने 38 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (52) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर मे सेरा ग्लेन ने कप्तान हेली मैथ्यूज को आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरा बड़ा झटका दिया। हेली मैथ्यूज ने 38 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (50) रन बनाये। डिएंड्रा डॉटिन (27) रन बनाकर आउट हुई। शमैन कैंपबेल (पांच) पर रनआउट हुई। वेस्टइंडीज ने 18 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसके साथ तालिका में शीर्ष पर चल रही इंग्लैंड तीसरे नंबर पर पहुंचने के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। इंग्लैंड की ओर नेट साइवर ब्रंट और सेरा ग्लेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले नेट साइवर ब्रंट के (नाबाद 57) की अर्द्धशतकीय पारी मदद से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को जीत लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था, कोच के रूप में जुड़ना भी गर्व की बात : रानी



नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारतीय महिला हॉकी की 'पोस्टर गर्ल' रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिये मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिये खिलाड़ियों की नीलामी से इतर से कहा ,'' हॉकी मेरा जुनून है। मैने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिये जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी।'' भारत के लिये 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा, '' मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया।

## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 73 रन से हराया



दांबुला, 15 अक्टूबर। श्रीलंका के स्पिनरों ने दांबुला की घूमती सतह पर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को चकमा देकर श्रृंखला एक-एक से बराबर कर ली और दूसरा वनडे 73 रनों से जीत लिया। श्रीलंका को 5 विकेट पर 162 रन (निसंका 54, कुसल मेंडिस 26, शेफर्ड 2-23) ने वेस्टइंडीज को 89 (पॉवेल 20, वेलालेज 3-9, असलांका 2-6, थीक्षाना 2-7) को 73 रन से हराया। पथुम निसंका (54), कुसल मेंडिस (26) और कुसल परेरा (24) की पारियों की मदद से श्रीलंका ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने श्रीलंका के लिए शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 10वें ओवर में शमार स्प्रिंगर ने कुसल मेंडिस को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। कुसल मेंडिस ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से (26) बनाये। 14वें ओवर में शमार जोसेफ ने कुसल परेरा को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। परेरा ने 16 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। पथुम निसंका ने 49 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (54) रनों की पारी खेली। कामिंदु मेंडिस (19) और कप्तान चरित असलंका (9) रन बनाकर आउट हुये।

**राजधानी**

# प्री समिट में 50 हजार करोड़ से अधिक के होंगे एम.ओ.यू. : टी. रविकान्त

**जयपुर।** माइंस विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित माइंस व पेट्रोलियम सेक्टर के राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के प्री समिट में 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षिरत कराये जाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में अब तक आयोजित रोड़ शो आदि में माइनिंग सेक्टर के 44721 करोड़ रु. से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षिरत हो चुके हैं।

प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त मंगलवार को खनिज भवन में राइजिंग राजस्थान के तहत माइंस व पेट्रोलियम सेक्टर के 8 नवंबर को होने वाले प्री समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य का माइनिंग सेक्टर निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से तेजी से आगे बढ़ रहा है।



**प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त मंगलवार को खनिज भवन में राइजिंग राजस्थान के तहत माइंस व पेट्रोलियम सेक्टर के 8 नवंबर को होने वाले प्री समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइनिंग सेक्टर के स्थानीय स्तर पर और अधिक निवेश लाने के प्रयास किये जाएं ताकि 8 नवंबर को आयोजित प्री समिट में माइनिंग और पेट्रोलियम सेक्टर से और अधिक निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षिरत हो सके। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान प्री समिट के माध्यम से राजस्थान की खनिज संपदा और खनन क्षेत्र की संभावनाओं से प्री समिट में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के साथ ही देश दुनिया के माइनिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को रुबरु कराया जाएगा।

टी. रविकान्त ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित प्री समिट को थीम बेस्ड रखा गया है। प्री समिट में माइनिंग सेक्टर से जुड़े एसोसिएशनों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों, निजी क्षेत्र के निवेशकों और प्रदेश और देश के एकेडेमिशिएंस को भी जोड़ा जाएगा ताकि प्री समिट बहुआयामी व अधिक उपादेय हो सके।

संयुक्त सचिव माइंस आशु चौधरी ने राइजिंग राजस्थान प्री समिट की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक में समन्वयक अधिकारी बीएस सोढ़ा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान प्री समिट के लिए एमओयू प्रस्तावों के लिए संबंधित निवेशकों से संपर्क व समन्वय बनाया जा चुका है। प्रभारी अधिकारियों में अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने प्रचार-प्रसार सामग्री की तैयारी, एडीजी आलोक जैन ने विशेषज्ञों से समन्वय, एसएमई प्रताप मीणा ने आंमत्रितों से समन्वय की जानकारी दी। एमडी आरएसजीएल रणवीर सिंह ने बताया कि अन्य के साथ ही आरएसजीएल द्वारा सीएनजी पीएनजी गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

बैठक में एसजी सुनील वर्मा, संजय सक्सैना, आरएसएमएम के असीम अग्रवाल, फिक्की के गिरिश गुप्ता व वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# राज्य में पहली बार भर्ती कैलेंडर जारी कर भजनलाल शर्मा ने उठाया ऐतिहासिक कदम : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर संवेदनशील और गंभीर है। भाजपा ने युवाओं से जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के इतिहास में पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भर्ती कैलेंडर जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। भर्ती कैलेंडर में 70 प्रतियोगी परीक्षाओं की दिनांक और उनका परिणाम जारी करने तक की दिनांक जारी कर दी गई है।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देकर उनके सपने को साकार करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख लोगों को स्किल के साथ रोजगार देने का वादा किया था। भाजपा जो कहती है, वो करती है के लिए संकल्पबद्ध है, इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने दिसंबर 2024 तक 1 लाख 11 हजार से ज्यादा विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति देने के लिए विज्ञिप्तयां जारी कर दी है। राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार है जिसने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया और प्रदेश में 17 पेपर लीक, 8 परीक्षाएं रद्द कर करीबन 50 हजार पदों को निरस्त कर दिया गया।

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं का भर्ती कैलेंडर जारी करने का पिछली सरकार ने सोचा तक नहीं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो साल से अधिक समय का भर्ती कैलेंडर जारी भी कर दिया। शर्मा ने युवाओं के भरोसे को जितने के लिए पहले पेपरलीक माफियाओं को सलाखों तक पहुंचाने के लिए एसआईटी का गठन किया।

# ब्रज क्षेत्र में 100 मीटर ऊंची कृष्ण प्रतिमा लगेगी

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में सुविधायें बढ़ेंगी, धार्मिक संस्थाओं के लिये टाउनशिप बनेगी

जयपुर, 15 अक्टूबर। राजस्थान में आने वाले ब्रज क्षेत्र का कायाकल्प करके यहां वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हालिया भरतपुर दौरे के दौरान, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित करने और ब्रज के पारम्परिक स्थापत्य के अनुसार धार्मिक नगरी के विकास को लेकर विस्तृत प्रैज़ेन्टेशन दिया गया।

- **टाउनशिप में वैदिक विश्वविद्यालय, वॉटर फ्रंट डवलपमैंट, ग्रीन बैल्ट डवलपमैंट, कृष्ण लीलाओं से संबंधित थियेटर, गौशाला, बस स्टैण्ड व पार्किंग की सुविधाओं का विकास किया जायेगा।**

भरतपुर में एक बैठक के दौरान, आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया ने इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट की जानकारी साझा की, जिसके तहत इस प्रोजेक्ट में भगवान श्रीकृष्ण की 100 मीटर ऊंची विराट मूर्ति का निर्माण, 84 कोस परिक्रमा मार्ग का विकास तथा धार्मिक संस्थाओं के लिए एक नई टाउनशिप विकसित करने की योजना है। राजस्थान के गोवर्धन परिक्रमा के क्षेत्र में वैदिक विश्वविद्यालय, वॉटर फ्रंट डवलपमेंट, ग्रीन बैल्ट डवलपमेंट, कृष्ण लीलाओं से संबंधित थियेटर, गौशाला तथा यात्रियों के लिए बस टर्मिनल एवं पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

एक धार्मिक नगरी के रूप में विकसित होने जा रहा यह प्रोजेक्ट इको-रिलिजस टूरिज़्म की बेहतरीन मिसाल बनेगा, जिसमें पर्यटकों को आइमैक्स थियेटर, भव्य फाउण्टेन शो भी देखने को मिलेगा। परिक्रमा के पैदल यात्री मार्ग को चौड़ा करने के साथ-साथ मार्ग के दोनों ओर की इमारतों का ब्रज हेरिटेज के अनुसार फसाड डवलपमैंट भी किया जाएगा। राज्य सरकार, अप्सरा कुंड और नवल कुंड के मूल वैभव को पुन: लौटाने के साथ-साथ प्रसिद्ध श्रीनाथ जी मंदिर और नृसिंह अवतार मंदिर का भी पारपंरिक स्थापत्य कला के अनुसार सौंदर्यीकरण करेगी। पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल इस परियोजना में नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल गाइडलाइन्स का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। परियोजना पूरी होने से राजस्थान के ब्रज क्षेत्र में भी देशी-विदेशी श्रद्धालुओं की आवक में भारी बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिसके कारण बढ़ने वाली आर्थिक गतिविधियों का फायदा स्थानीय लोगों को भी मिलेगा।



*राजस्थान के बृज क्षेत्र में विकसित होने वाली पर्यटन नगरी में गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण की 100 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। आर्किटैक्ट अनुप बरतरिया ने पर्यटन नगरी के प्रैज़ेन्टेशन के दौरान श्रीकृष्ण की वह तस्वीर प्रदर्शित की जिसके आधार पर विशाल प्रतिमा बनाई जाएगी।*

## पंजाब में पंचायत चुनावों के लिए पंद्रह अक्टूबर को मतदान हुआ

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से, मंगलवार को इनकार कर दिया और कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने लोकतंत्र में चुनावों के महत्व को रेखांकित किया और कहा, अगर अदालतें मतदान के दिन चुनाव पर रोक लगाना शुरू कर दें तो अराजकता उत्पन्न हो जाएगी। पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव मंगलवार सुबह आठ बजे से (15 अक्टूबर) चल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव रद्द करने की मांग वाली लगभग 1,000 याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

- **सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला ने कहा, मतदान के दिन चुनाव रोकने का आदेश देने से अराजकता पैदा हो सकती है।**

# कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर केस में सीबीआई की जांच से असंतुष्ट सुप्रीम कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने तीन सप्ताह में मांगी अगली रिपोर्ट

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में काम करने वाली महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या मामले की जांच बेहद गंभीरता से चल रही है। सी.बी.आई. का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष एजेंसी की पांचवीं स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपी संजय रॉय के खिलाफ 7 अक्टूबर को चार्जशीट दायर की गई थी और सियालदह की कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सी.बी.आई. की रिपोर्ट से पता चला कि एजेंसी अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इसलिए कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर एक और स्थिति रिपोर्ट मांगी है। चिकित्सा पेशेवर की सुरक्षा और सुरक्षा पर सिफारिशें करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्य बल के मुद्दे पर, शीर्ष अदालत ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह के बाद से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। इसलिए, शीर्ष अदालत ने केन्द्र को यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का निर्देश दिया कि काम एक उचित समय सीमा के भीतर पूरा हो जाए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने मैडिकल प्रैक्टिश्नर्स की सुरक्षा पर गठित नैशनल टास्क फोर्स के सम्बंध में केन्द्र सरकार को समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया।**
- **नैशनल टास्क फोर्स की सितम्बर के पहले सप्ताह के बाद से एक भी बैठक नहीं हुई है।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल राज्य सरकार से सिविक वॉलंटियर्स की भर्ती प्रक्रिया का विवरण मांगा।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नेशनल टास्क फोर्स की बैठकें समय-समय पर होनी चाहिए और सभी उप समूहों को नियमित बैठकें करनी चाहिए। इसके साथ ही केन्द्र को राष्ट्रीय कार्य बल (एन.टी.एफ.) के काम को तेज कराने का निर्देश दिया है। एन.टी.एफ. को चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए सिफारिशें करने के लिए गठित किया गया था। अदालत ने कहा कि एन.टी.एफ. सितंबर के पहले सप्ताह से नहीं मिला है और केन्द्र को तीन सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें पूरी करने के लिए कहा है।

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने और शौचालय और अलग विश्राम कक्ष बनाने में हुई प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 अक्टूबर तक ये काम पूरा करने का निर्देश दिया। मृत महिला डॉक्टर के माता-पिता के वकील ने आरोप लगाया कि अपराध करने वाले सिविक वॉलंटियर आर.जी. कर अस्पताल में तैनात पुलिस से जुड़े हुए थे और पुलिस बैरक में रह रहे थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस दावे का जोरदार विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से सिविक वॉलंटियरों की भर्ती प्रक्रिया का विवरण देने को कहा।

अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को भी निर्देश दिया कि वह अपनी रातिरे साथी योजना के लिए जिन 1,500 से अधिक नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती कर रही है, कि अगले आदेश तक इन व्यक्तियों को अस्पतालों या किसी ड्यूटी और स्कूलों में तैनात न किया जाए।

## तबादलों पर कोर्ट स्टे का डर

जोधपुर, 15 अक्टूबर (कासं)। राजस्थान में सरकारी विभागों में किए तबादलों पर कोई कर्मचारी-अधिकारी कोर्ट से स्टे न ले, इसके लिए सरकार अब कैविएट दायर कर रही है। दो दिन पहले नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम) में किए अधिकारियों के तबादलों के मामले में ऐसा देखने को मिला है। सरकार ने जयपुर, जोधपुर हाईकोर्ट बैंच और राजस्थान सिविल सर्विसेज अपील ट्रिब्यूनल (रेट) की जयपुर-जोधपुर ब्रांच में कैविएट दायर करते हुए इन पर बहस के लिए अतिरिक्त अधिवक्ताओं और वकीलों को नियुक्त किया है।

दरअसल, स्वायत्त शासन निदेशालय ने 13 अक्टूबर की देर शाम एक आदेश जारी करते हुए जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज समेत प्रदेश की अन्य नगरीय निकायों से 155 अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। सरकार ने अब इन ट्रांसफर पर कोर्ट से स्टे आने की संभावना को देखते हुए कैविएट लगाई है, ताकि अगर कोई अधिकारी इन ट्रांसफर पर रोक के लिए याचिका लगाता है तो उस पर कोई भी निर्णय करने से पहले कोर्ट सरकार का पक्ष सुन सके।

- **सरकार ने चार अलग-अलग कोर्ट में कैविएट लगाई ताकि कोई कर्मचारी या अधिकारी तबादले पर कोर्ट से स्टे न हासिल कर ले।**

राज्य सरकार ने नगर पालिका सेवा के 155 अधिकारियों के तबादलों के मामले में हाईकोर्ट और राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में केविएट पेश की है। इन अधिकारियों की ओर से अपने तबादले को चुनौती देने की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके चलते अब आर.एम.एस. सेवा के ये अधिकारी अदालत से एक पक्षीय स्टे नहीं ले पाएंगे। यदि इनमें से कोई अधिकारी तबादले पर रोक के लिए अदालत में याचिका पेश करेगा तो अदालत राज्य सरकार का पक्ष सुने बिना मामले में निर्णय नहीं करेगी।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार, हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता गुरुचरण सिंह गिल को अधिकृत किया है। इसी तरह सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण के लिए अधिवक्ता राजेन्द्र दाधीच और विष्णु दयाल शर्मा को पैरवी के लिए अधिकृत किया गया है।

## हम अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राजस्थान में निवेश करने और समृद्ध भविष्य के निर्माण के हमारे प्रयासों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

जर्मनी, जो वैज्ञानिक नवाचारों, तकनीकी कौशल, समृद्धि और विकास का एक शक्तिशाली प्रतीक है, के साथ हम अपनी मजबूत साझेदारी स्थापित करना चाहते हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को वैश्विक कंपनियों के लिए एक सप्लाई चेन डेस्टिनेशन के रूप में देखा जा रहा है और अपनी सक्रिय और विकासोन्मुखी नीतियों के कारण, राजस्थान भारत में इन कंपनियों का विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है।

जर्मनी के निवेशकों को राज्य के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश हेतु आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि जर्मनी, जो अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर है, राजस्थान में सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्र में परियोजनाएं शुरू कर सकता है।

म्यूनिख में आयोजित इस इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान सरकार ने एल्बैट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेउली टेक्निक्स जी.एम.बी.एच., और इंगो श्मिट्ज जैसी कई बड़ी जर्मन कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए।

ये कंपनियां रक्षा, मोबिलिटी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमोबाइल और कौशल विकास क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं।

मुख्यमंत्री के साथ जर्मनी में मौजूद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि राजस्थान जर्मनी के साथ तकनीक और अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए उत्सुक है।

इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान के अंदर मौजूद व्यावसायिक अवसरों के बारे में एक प्रेजेंटेशन देते हुए उद्योग विभाग व ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के आयुक्त रोहित गुप्ता ने कहा, दक्षिण कोरिया, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, और सिंगापुर के निवेशक प्रदेश में कारोबार करने के इच्छुक हैं।

निवेशक रोड शो के अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने कई प्रमुख जर्मन कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

जर्मनी की पैकेजिंग क्षेत्र की बड़ी कंपनी मल्टीवैक सेप हैगनमुलर एस.ई. एंड कंपनी के.जी. के साथ राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल की बैठक के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने राजस्थान में अपने कारोबार के विस्तार में रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं और विकास के अवसरों को प्रदर्शित करने और जर्मनी के हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्रों के निवेशकों को राज्य में पर्यटन इकाइयाँ स्थापित करने के लिए आमंत्रण देने हेतु विशेष रूप से आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' टूरिज्म मीट में भी भाग लिया।

## 'नौकरी दो...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

से एक आन्दोलन की शुरुआत की।

उन्होंने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह आन्दोलन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पहुँचेगा। उन्होंने एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें सरकार पर सर्वाधिक बेरोजगारी तथा युवाओं को ड्रग्स का आदी बनाने के लिये ड्रग आयात करने का आरोप लगाया है।

चिब ने कहा कि इस आन्दोलन का उद्देश्य युवाओं में उन ड्रग्स के बारे में जागरुकता पैदा करना है, जो गहरी नींद लाने के लिये सरकार द्वारा सप्लाई की जा रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश में यह झूठा डर पैदा किया जा रहा है कि हिन्दू धर्म संकट में है। युवाओं तथा सरकार द्वारा आयातित ड्रग्स की लत का मुकाबला कर रहे लोगों के लिये असली संकट तो बेरोजगारी है।

# गैंगस्टर विक्रमजीत सिंह बरार का कड़ी सुरक्षा में मैडिकल चैकअप

## गैंगस्टर विक्रमजीत सिंह बरार लॉरेंस विश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य है

अजमेर, 15 अक्टूबर (कासं)। लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्रम बराड़ को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मंगलवार को पुलिस जे.एल.एन. अस्पताल लेकर पहुंची, चिकित्सकों ने बराड़ का चेकअप किया। चेकअप के बाद पुलिस बराड़ को लेकर हाई सिक्यूरिटी जेल पहुंची, जहां बराड़ को जेल में शिफ्ट कर दिया गया। जयपुर की चौमूं पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में दिनदहाड़े पिस्टल के दम पर हुई डकैती के मामले में विक्रम बराड़ को पंजाब से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से विक्रम बराड़ हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जल्द ही विक्रम सिंह बराड़ को वापस पंजाब जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरह ही, विक्रम बराड़ का संबंध भी राजस्थान से है। बराड़ हनुमानगढ़ जिले का रहने वाला है। स्कूल के बाद कॉलेज की पढ़ाई के लिए चंडीगढ़ गया था, वहां उसने पंजाब यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। इसके बाद वह स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी से जुड़ा। इसी दौरान उसकी मुलाकात लॉरेंस बिश्नोई से हुई। लॉरेंस भी छात्र राजनीति में काफी सक्रिय रहता था। बस यहीं से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और विक्रम बराड़ लॉरेंस का एकदम खास बन गया।

- **अजमेर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में जिले के जे.एल.एन. अस्पताल में उसकी मैडिकल जाँच करवाई। बरार अभी हाई सिक्यूरिटी जेल में बंद है।**
- **जयपुर पुलिस ने चौमूं में एक जूलरी शॉप पर दिन दहाड़े हुई डकैती के मामले में बरार को पंजाब से गिरफ्तार किया था।**
- **बरार छात्र जीवन से ही लॉरेंस विश्नोई के साथ है और सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी वो मुख्य षड़यंत्रकारियों में से एक बताया जाता है।**



*पुलिस लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्रम बराड़ को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच जे.एल.एन. अस्पताल में चेकअप कराने लाई।*

गैंगस्टर विक्रम बराड़ राजस्थान और पंजाब पुलिस के लिए तो पहले से ही सिरदर्द बना हुआ था, लेकिन साल 2022 में वो देश भर की सुरक्षा जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया। 29 मई 2022 को पंजाब के सिंगर सिद्धू मूसेवाला को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया गया। उसकी हत्या के पीछे लॉरेंस विश्नोई गैंग थी। पुलिस की जांच में सामने आया था कि मर्डर की प्लानिंग में दुबई में बैठा विक्रम बराड़ भी शामिल था। वो वहां से जेल में बैठे लॉरेंस विश्नोई, कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ और शूटर्स के बीच कम्यूनिकेशन कंट्रोल सेंटर चला रहा था। पुलिस ने बराड़ को दुबई से गिरफ्तार किया था।

# 'रेवड़ी कल्चर को रिश्वत घोषित किया जाए या नहीं'

## सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग से जवाब मांगा

नई दिल्ला, 15 अक्टूबर। चुनावों में मुफ्त के वादों को रिश्वत घोषित करने मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के दौरान, राजनीतिक दलों की तरफ से मुफ्त देने के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग वाली याचिका पर केन्द्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव आयोग ऐसे वादों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कदम उठाए।

कोर्ट में दायरयाचिका में कहा गया है कि चुनाव से कुछ समय पूर्व राजनीतिक दल मुफ्त में कई सुविधाओं को देने का वादा करते हैं। ऐसे वादों को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाइ. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केन्द्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया और लंबित मामलों के साथ याचिका को भी टैग किया।

कर्नाटक निवासी शशांक जे श्रीधर की तरफ से दायर जनहित याचिका में राजनीतिक दलों को चुनाव पूर्व अवधि के दौरान मुफ्त के वादे करने से रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग की गई है। वकील विश्वादित्य शर्मा और बालाजी श्रीनिवासन के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि मुफ्त का अनियमित वादा सरकारी खजाने पर बेहिसाब वित्तीय बोझ डालता है। याचिका में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत रिश्वत की पेशकश के जरिए वोट देने के लिए प्रेरित करने का भ्रष्ट आचरण बनता है।

# कोलकाता में अनशन पर बैठी जूनियर डॉक्टर तनया अस्पताल में भर्ती

कोलकाता, 15 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को दुष्कर्म एवं हत्या की शिकार हुई महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर यहां अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों में से एक तनया पांजा पांच अक्टूबर से लगातार भूखे रहने के कारण शौचालय में गिर गयीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन आज 11वें दिन में प्रवेश कर गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पांच अक्टूबर से अनशन के कारण कमजोर हो चुकी तनया को सोमवार रात गिरने और बेहोश होने के बाद कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब क्रिटिकल केयर यूनिट (सी.सी.यू.) में मेडिकल बोर्ड द्वारा उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। एक डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, अब तक पांच जूनियर डॉक्टर, जिनमें से चार कोलकाता में और एक उत्तर बंगाल के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। वर्तमान में, कोलकाता में पांच जूनियर डॉक्टर और एक उत्तर बंगाल में अपने साथी के लिए न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

## भाजपा के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के लिए चार नेताओं को नियुक्त किया है। पार्टी के सांसद डॉ. के.लक्ष्मण राष्ट्रीय पीठासीन अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) होंगे। लक्ष्मण के सहयोग के लिए पार्टी सांसद नरेश बंसल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा तथा पार्टी सांसद एवं प्रवक्ता संबित पात्रा को सह पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव कार्यक्रम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है। हालांकि एम.वी.ए. की सारी उम्मीदें हालिया लोकसभा चुनावों में इसके बेहतर प्रदर्शन पर आधारित हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा-शिव सेना और कांग्रेस व एन.सी.पी. का राज्य स्तरीय गठबंधन राष्ट्र स्तर पर भी चुनाव लड़ा। इन चुनावों में एन.डी.ए. की सीटों की संख्या में 43 की वृद्धि हुईं थी और यू.पी.ए. की सीटें 5 कम हो गई थी। विधानसभा स्तर पर भाजपा ने 122 सीटों पर व शिव सेना ने 105 सीटों पर बढ़त प्राप्त की थी और उन्हें स्पष्ट बहुमत मिला था।

पर एन.डी.ए. तथा यू.पी.ए. ने जब विधानसभा चुनाव लड़ा तो खंडित जनादेश मिला। भाजपा को 25.75 प्रतिशत वोट के साथ 105 सीटें मिलीं। शिव सेना को 16.41 प्रतिशत वोट के साथ 56 सीटें, एन.सी.पी. को 16.71 प्रतिशत वोट के साथ 54 सीटें व कांग्रेस को 15.87 प्रतिशत वोट के साथ 44 सीटें मिली थीं। छोटे दलों व निर्दलियों के खाते में शेष 29 सीटें आई थीं।

खंडित जनादेश की स्थिति में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दावे को लेकर भाजपा और शिव सेना गठबंधन टूट गया। राज्य में कुछ समय के लिए राष्ट्रपति शासन लग गया।

कुछ दिन बाद, अजीत पवार के नेतृत्व में शरद पवार की एन.सी.पी. के एक गुट की मदद से भाजपा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल की अनुमति से आधी रात को देवेन्द्र फड़नवीस ने मुख्यमंत्री पद की और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन जब उन्हें लगा कि जल्दबाजी में बना गठबंधन सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाएगा तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

गतिरोध तब खत्म हुआ, जब शिव सेना, कांग्रेस व एन.सी.पी. ने मिलकर एम.वी.ए. गठबंधन बनाया और उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने।

एम.वी.ए. गठबंधन ज्यादा नहीं चला। जून 2022 में शिव सेना नेता एकनाथ शिंदे 40 विधायकों के साथ अलग हो गए। उन्होंने ठाकरे के एम.वी.ए. बनाने पर नाराजगी जताई। उस समय चर्चा जोरों पर थी कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने शिव सेना में दलबदल करवाकर सरकार गिराई है। फड़नवीस के अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के बाद तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने आनन-फानन में फ्लोर टैस्ट का आदेश दे डाला। ठाकरे ने इसे सुप्रीम कोर्ट को चुनौती दी, पर सफलता नहीं मिली और विधानसभा में विश्वास मत से पूर्व ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

इसके शीघ्र बाद ही, शिंदे की सेना तथा भाजपा ने मिलकर "महायुति" सरकार बनाई तथा शिंदे मुख्यमंत्री बने।

सेना के दोनों गुटों के बीच का संघर्ष अदालतों में तब तक चलता रहा, जब तक विधानसभाध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इस साल के शुरु में पार्टी का नाम तथा चुनाव चिन्ह शिंदे गुट को आवंटित कर दिये। इसके कारण, ठाकरे अपने गुट का नाम शिव सेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) रखने को बाध्य हो गये। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शक्ति-परीक्षण कराने का आदेश देने का राज्यपाल का आदेश गैरकानूनी था तथा अगर पूर्व मुख्यमंत्री ने शक्ति-परीक्षण से पहले इस्तीफा नहीं दिया होता तो यह ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार की बहाली का आधार बनता। जुलाई, 2023 में एक अन्य पार्टी के विघटन के कारण राज्य में फिर से राजनैतिक हलचल पैदा हो गई। इस बार अजीत पवार, 40 विधायकों को साथ लेकर एन.सी.पी. से अलग हो गये तथा भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में शामिल हो गये और गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री बन गये। अजीत पवार की अपने चाचा तथा एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार के साथ लम्बे समय से अनबन चल रही थी।

शिव सेना के टूटने की तरह ही, अजीत गुट के अलग हो जाने से एन.सी.पी. के नाम तथा चुनाव चिन्ह को लेकर संघर्ष शुरु हो गया। चुनाव आयोग ने इस साल के शुरु में अजीत के पक्ष में अपना निर्णय दे दिया। इसके फलस्वरुप, शरद पवार के गुट का नया नाम एन.सी.पी. (शरद चन्द्र पवार) रख लिया गया।

हाल ही के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन को झटका लगा था। भाजपा जिन 28 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उनमें से केवल 9 सीट ही जीत पाई जबकि 2019 में उसे 23 सीटें मिली थीं। शिव सेना (शिंदे) को 15 में से 7 तथा एन.सी.पी. (अजीत पवार) को 4 में से एक ही सीट मिली थी।।

महायुति को लगे इस आघात के पीछे के कारणों में शामिल हैं- कृषि संकट, मराठा-विद्रोह तथा आरक्षण पर कथित खतरे को लेकर दलित वोट का छिटक जाना।

एम.वी.ए. को कुल मिलाकर 30 सीटें मिलीं। कांग्रेस 17 में से 13 सीट जीतकर गठबंधन में सबसे आगे रही। शिव सेना (यू.बी.टी.) को 21 में से 9 तथा एन.सी.पी. (एस.पी.) को 10 में से 8 सीटों पर विजय मिली।

लेकिन झारखंड में, भाजपा की स्थिति महाराष्ट्र की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT

## IEM - UEM Group | Jaipur and Kolkata

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

Global Ratings: PLATINUM | PLATINUM | DIAMOND | DIAMOND | DIAMOND — QS I-GAUGE

Times Higher Education Impact Rankings 2024 | GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS | nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK | SHALBY ACADEMY | AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION MEMBER | UGC | AICTE APPROVED | NAAC ACCREDITED | AIU MEMBER

**UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

## Admissions Open

INDUSTRY ASSOCIATED DUAL DEGREE PROGRAM

**CSE** DATA SCIENCE - SAS | **CSE** CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION | **BBA** DIGITAL BUSINESS - IIDE

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"

## B.TECH

- CSE - ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING (AIML)
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING WITH SPECIALIZATION
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data Analytics | Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Robotics & Artificial Intelligence
- VLSI Design & Technology
- Minor in Compute Science
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Automobile Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Sustainable Construction Engineering

## M.TECH

WITH SPECIALIZATION

- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Structural Engineering

## BBA/MBA

- BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MBA with Dual Specialization
- Marketing • Finance • Human Resource
- Business Analytics

## MBA Hospital & Healthcare Management

## BPT/MPT

- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
- MASTER OF PHYSIOTHERAPY
- Cardiopulmonary | Neurology
- Pediatrics | Orthopaedics
- Musculoskeletal
- Sports

## POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

## BCA/MCA

- BACHELOR OF COMPUTER APPLICATION
- Data Science • Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- MASTER OF COMPUTER APPLICATION

## MBA Executive

## M.Sc. in Computer Science

## Ph.D

- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering • Civil Engineering
- Mechanical Engineering • Management
- Electronics & Communication Engineering
- Physics • Chemistry • Mathematics
- Humanities • English

MORE THAN 300+ Patents | 500+ RESEARCH PAPERS | ₹ 5 CRORES+ WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS | ₹ 72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED


UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India

One of the Best PLACEMENT RECORDS of the Country

Placements at UEM Jaipur Continues till the last willing student is placed

NUMBER OF Students Placed **2375** | NUMBER OF JOB OFFERS **3564+**

COMPANIES VISITED **600+**




5 LABORATORIES ESTABLISHED BY INDUSTRY

**Academic Partners:** tcs TATA CONSULTANCY SERVICES | IBM | sas | IIDE THE DIGITAL SCHOOL | CAMBRIDGE

**FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS:** UNLV | GIIM | Brunel University London | RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY | RENNES SCHOOL OF BUSINESS

**MORE THAN 8000+ CERTIFICATION:** HARVARD BUSINESS SCHOOL | edX | Linked in Learning | CAMBRIDGE | coursera Education for Everyone

STUDY ABROAD PROGRAM — USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

One of the Leading University for 6G Projects, Government of India

PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2024 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

APPLY ONLINE: www.uem.edu.in

Admission Helplines:

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)

City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330

9887313330, 9887806930
9887413330, 9887613330